TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper Trial Edition
थार-स्कॉर्पियो में सवारी बैठाकर लूट.... (पेज-3)
पृष्ठ- 08 वर्ष-01 अंक-30 मूल्य ₹ 7 बुधवार दिनांक- 29.07.2026

# आपदा प्रबंधन के लिए लहरा गंगा घाट किया गया मॉकड्रिल

## राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने किया पूर्वाभ्यास, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी रहे मौजूद

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



आपदा के दौरान त्वरित एवं प्रभावी राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा लहरा घाट पर बाढ़ एवं जल बचाव का व्यापक मॉकड्रिल किया गया। एडीएम एवं एएसपी मौजूद रहे।

8 वीं वाहिनी एनडीआरएफ के टीम कमांडर इंस्पेक्टर चमन किशोर गुप्ता के नेतृत्व में 30 सदस्यीय प्रशिक्षित एवं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित बचाव दल द्वारा किया गया। अभ्यास के दौरान बाढ़ की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। इसमें नाव संचालन, जल में फँसे लोगों को सुरक्षित निकालना, प्राथमिक उपचार देना तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने जैसी विभिन्न तकनीकों को प्रदर्शित किया गया।

पूर्वाभ्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह, एएसपी सुशील कुमार, तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, एसडीएम,प्रभारी ईओ हर्षिता देवड़ा और सोरो इंस्पेक्टर लोकेश भाटी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित रहकर तैयारियों का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त पीएसी, आपदा मित्रों, स्थानीय गोताखोरों तथा अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए संयुक्त रूप से आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली का अभ्यास किया।

एडीएम ने बताया कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य संभावित बाढ़ एवं जलजनित आपदाओं के प्रति आमजन को जागरूक करना, विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आपदा के समय त्वरित व संगठित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। इस तरह के संयुक्त अभ्यासों से संसाधनों के बेहतर उपयोग, समयबद्ध है।

## असम में बाढ़ का कहरः पीएम मोदी ने सांसदों के साथ की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने असम के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त बाढ़ की स्थिति पर राज्य के सांसदों के साथ बैठक की। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा,'असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशल मंगल की कामना करता हूं। इस बीच, असम के शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है क्योंकि नौजान गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे सैकड़ों परिवार आश्रय, भोजन और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि राहत अभियान तेज कर दिए गए हैं। वहीं, असम के विधायकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। रायजोर दल को छोड़कर सभी विधायकों ने मंगलवार को राज्य के बाढ़ पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

# झमाझम से राहत मगर.....

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा में झमाझम से गर्मी से तो राहत दिखी वहीं दूसरी ओर बारिश और बेतरतीब खुदाई ने शहर की रफ्तार को पूरी तरह थाम दिया, जिससे हरीपर्वत समेत हर मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव और भीषण जाम लग गया। यह स्थिति नगर निगम, जल निगम और मेट्रो प्रशासन की लापरवाह कार्यशैली और बिना सोचे-समझे चल रहे विकास कार्यों का जीता-जागता प्रमाण है।

शहर की बेहाल स्थितिजलमग्न सड़कें और रेंगते वाहनः शहर का शायद ही कोई ऐसा मार्ग बचा जो पानी से लबालब न हो और जहां वाहन रेंगने को मजबूर न दिखे।

हरीपर्वत से लेकर चारों दिशाओं में खुदे रास्तों और गड्ढों के कारण एंबुलेंस जैसी जरूरी आपात सेवाएं घंटों जाम में फंसी रहीं।

मेट्रो, सीवर और बिजली लाइनों के नाम पर पूरे शहर को खोदकर छोड़ देना और बारिश के पहले जल निकासी के पुख्ता इंतजाम न करना विभागों की अक्षमता को उजागर करता है। शिकवे और जिम्मेदारियों का सवालमानसून की पहली ही झमाझम बारिश ने दावों की पोल खोल दी है। आज की इस अव्यवस्था ने यह साबित कर दिया है कि बिना तकनीकी योजना और तालमेल के किए जा रहे कार्य जनता के लिए राहत नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का नासूर बन चुके हैं। जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि इन लापरवाह विभागों से जवाबदेही और ठोस समाधान चाहती है।



### यूपी में अगले 24 घंटे बेहद अहम

मानसून यूपी में एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम केंद्र लखनऊ ने 29 जुलाई के लिए जारी पूर्वानुमान में राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने और मानसूनी सिस्टम के सक्रिय बने रहने के कारण प्रदेश के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इसके चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक 29 जुलाई सुबह 8:30 बजे से 30 जुलाई सुबह 8:30 बजे तक उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश होगी, जबकि कुछ जिलों में भारी और बहुत भारी बारिश दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने 29 जुलाई के लिए ललितपुर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव, छोटे नालों और नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी तथा यातायात प्रभावित होने की आशंका है।

# दुष्कर्मियों का बचाव करने वाले को बनाया शिक्षा मंत्रीः राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली।



केंद्र सरकार में नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को तीखा हमला बोला। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नए शिक्षा मंत्री को लेकर प्रधानमंत्री के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में कई लोग थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने ऐसे व्यक्ति को चुना, जो उनके अनुसार दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करने वाला है। राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति गलत संदेश देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के फैसले पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत के शिक्षा मंत्री ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें भाजपा ने चुना है और जो दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करते हैं। इससे ज्यादा खराब बात और क्या हो सकती है। मंत्रिमंडल में इतने लोग थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने उसी व्यक्ति को चुना, जो दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करता है। यह काफी हैरान करने वाला फैसला है। राहुल गांधी ने अपने बयान के जरिए सीधे प्रधानमंत्री की पसंद पर सवाल उठाया और कहा कि इस नियुक्ति को लेकर गंभीर जवाबदेही होनी चाहिए।

### ससंद परिसर में आकर क्या बोलीं प्रियंका गांधी?

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब सरकार महिलाओं के अधिकार, महिला आरक्षण और महिलाओं को आगे लाने की बात करती है, तब इस तरह की नियुक्ति गलत संदेश देती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह बहुत गलत संदेश है। मैं अपने दावों की पुष्टि करूंगी। उस समय का एक वीडियो मौजूद है और मैं पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी सबूत जमा करूंगी। उन्होंने साफ किया कि वह अपने आरोपों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज और वीडियो उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस नियुक्ति को लेकर गंभीर जवाबदेही होनी चाहिए।

# यूपीएमआरसी ने लॉन्च किए 12 अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन तकनीकी कोर्स

## नाममात्र की फीस पर विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, सफल समापन पर मिलेगा प्रमाणपत्र

- ट्रेन कंट्रोल, सिग्नलिंग और HVAC सिस्टम जैसे तकनीकी विषयों पर मिलेगी हाई-टेक ट्रेनिंग
- 5डी सिम्युलेटर, 6 आधुनिक क्लासरूम और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर से लैस है संस्थान
- यूपी को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास का हब बनाने पर योगी सरकार का जोर

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर प्रदेश को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास का हब बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रेनिंग' (सीओईटी) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीओईटी ने रेलवे और मेट्रो क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और पेशेवरों के लिए 12 अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन तकनीकी प्रशिक्षण कोर्स लॉन्च किए हैं।

### नाममात्र की फीस और 90 दिन की वैधता

ये सभी कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन और वीडियो आधारित हैं, जिनकी अवधि 75 से 120 मिनट के बीच है। भारतीय प्रतिभागियों के लिए प्रत्येक कोर्स की फीस मात्र 200 तय की गई है, जबकि विदेशी प्रतिभागियों के लिए यह शुल्क 100 अमेरिकी डॉलर है। लॉगिन जारी होने के बाद कोर्स की वैधता 90 दिनों की होगी और इसे सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

> यूपीएमआरसी का यह प्रशिक्षण संस्थान देश के सबसे आधुनिक मेट्रो रेल प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है। ऑनलाइन कोर्सों की यह शानदार पहल देश-विदेश के पेशेवरों को उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी प्रशिक्षण सुगमता से उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
>
> - सुशील कुमार, प्रबंध निदेशक, यूपीएमआरसी

### इन प्रमुख विषयों पर मिलेगी ट्रेनिंग

यूपीएमआरसी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रेनिंग द्वारा शुरू किए गए कोर्सों में मेट्रो ट्रेन प्रणाली का परिचय, ट्रेन कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सिस्टम (टीसीएमएस), डोर सिस्टम, एचवीएसी सिस्टम, ड्राइवर मशीन इंटरफेस (डीएमआई), ऑन- बोर्ड ऑटोमेटिक ट्रेन कंट्रोल, एमजेएल-11 एवं आईआरएस ए24 पॉइंट मशीन, सीबीटीसी सिग्नलिंग सिस्टम, ऑटोमेटिक गेट और टिकट ऑफिस मशीन (टीओएम) जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और तकनीकी विषय शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन चुकी है पहचान

भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन से मान्यता प्राप्त यह सेंटर संचालन व अनुरक्षण के लिए एक अत्याधुनिक केंद्र है। इसकी गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जर्मनी की प्रतिष्ठित रेल कंपनी डॉयचे बान (डीबी) के 160 से अधिक कर्मचारी यहां से ट्रेनिंग ले चुके हैं। साथ ही यह सेंटर अहमदाबाद मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को भी अपनी कंसल्टेंसी सेवाएं दे चुका है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है सेंटर

सीओईटी में प्रशिक्षण के लिए हाई-टेक सुविधाएं मौजूद हैं। इनमें 150 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम, 5डी मोशन ड्राइविंग सिम्युलेटर, 4 डेस्कटॉप ट्रेन ड्राइविंग सिम्युलेटर, रोलिंग स्टॉक मेंटेनेंस सिम्युलेटर, ऑटोमैटिक ट्रेन सुपरविजन एवं स्काडा सिम्युलेटर शामिल हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर, लाइब्रेरी और 6 आधुनिक क्लासरूम भी बनाए गए हैं।

## पुलिस कार्रवाई पर एससी सख्त, नाबालिगों और बिना आपराधिक रिकॉर्ड वालों को रिहा करने के आदेश

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में हुए छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे छात्र प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का निर्देश दिया है, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। साथ ही, पात्र छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की जबरन कार्रवाई पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि छात्रों पर पुलिस की कथित ज्यादती के आरोप प्रथम दृष्टया निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। अदालत ने कहा कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच के लिए आगे चलकर स्वतंत्र समिति या विशेष जांच दल के गठन पर भी विचार किया जा सकता है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने उन सभी राज्यों को निर्देश दिया, जहां प्रदर्शन हुए थे, कि सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, बॉडी कैमरा फुटेज, वायरलेस संचार रिकॉर्ड, पीसीआर लॉग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। अदालत ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों से जुड़ा डिजिटल डेटा सुरक्षित रखा जाए, लेकिन उसे सार्वजनिक न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जबरन कार्रवाई से राहत केवल उन छात्र प्रदर्शनकारियों को मिलेगी, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

# सीजेपी ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी, सरकार पर भड़के

एजेंसी, नई दिल्ली।

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस की तरफ से छात्रों को परेशान करने का सिलसिला जारी रहा तो कॉकरोच जनता पार्टी जल्द ही एक बड़े और शांतिपूर्ण आंदोलन के जरिए इसका जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों को टारगेट करना और उनका उत्पीड़न बंद करना चाहिए।

दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी सरकार से लिखित आश्वासन चाहती है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं होगा और उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा। सीजेपी का कहना है कि प्रदर्शन को 25 जुलाई को समाप्त करने से पहले सरकार के साथ हुई तीसरे दौर की बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी।



**सरकार सभी वादे पूरे करे, एफआईआर वापस ले- आशुतोष रांका**

सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा, "भारत सरकार के लिए अपने वादों को पूरा करने की समय-सीमा आज खत्म हो रही है। हम एक बार फिर सरकार से अपील करते हैं कि वह अपने सभी वादे पूरे करे, एफआईआर वापस ले, यह सुनिश्चित करे कि किसी भी प्रदर्शनकारी के खिलाफ भविष्य में कोई कार्रवाई न हो। उस आश्वासन का पूरी तरह पालन हो जिसकी वजह से प्रदर्शन को खत्म किया गया था।"

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश नंबर 4 पर जताई गंभीर चिंता

सौरव दास ने अपने बयान में कहा कि उखकसूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के पारित अंतरिम आदेश, खासतौर पर निर्देश संख्या 4, पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। इस निर्देश के तहत सरकारों को मौजूदा एफआईआर के साथ आगे बढ़ने और जांच जारी रखने की अनुमति दी गई है।

सीजेपी का कहना है कि ये निर्देश भारत सरकार के 25 जुलाई 2026 को देश के युवाओं को दिए गए उस भरोसे और गारंटी के बिल्कुल उलट है, जिसमें सभी एफआईआर वापस लेने और किसी भी प्रदर्शनकारी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निशाना न बनाने का वादा किया गया था।

### 'वादे पूरे नहीं हुए तो सड़कें फिर युवाओं की आवाज बनेंगी'

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "अगर ऐसा नहीं होता है, तो जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है, 'कॉकरोच जनता पार्टी' के पास उन छात्रों और युवा प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। जो सरकार अपना वादा तोड़ती है, वो युवाओं के चुप रहने की उम्मीद नहीं कर सकती। अगर वादों का सम्मान नहीं किया गया, तो भारत की सड़कें एक बार फिर युवाओं की आवाज बन जाएंगी।"

इससे पहले भी सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा था कि तीसरे दौर की वार्ता में हमारे बीच यह सहमति बनी थी कि देशभर में प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी और भविष्य में किसी भी आयोजक या प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी।

# एक साल से कागज दौड़ रहे इधर से उधर, किंतु हादसा तो हो

## बल्देवपुरी एक्सटेंशन, महोली रोड का भूमिगत सीवेज पंपिंग स्टेशन का मामला

- एक दर्जन से ज्यादा बार संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं पार्षद राजीव कुमार सिंह
- महाप्रबंधक ने दिए अधिशासी अभियंता को निर्देश, जेई ने दी आख्या
- खतरा तो माना, चेतावनी बोर्ड लगवा दिए मगर पुनर्निर्माण की फाइल आगे न बढ़ पाई

राजेश मिश्रा।

**मथुरा।** सरकारी सिस्टम की मनमानीपूर्ण कार्यप्रणाली का ये एक उदाहरण है। बल्देवपुरी एक्सटेंशन, महोली रोड का भूमिगत सीवेज पंपिंग स्टेशन का ढांचा किसी भी समय ढह सकता है। इसके मलबे की चपेट में राहगीर आ सकते हैं। क्षेत्रीय पार्षद एक साल से समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर आगाह और पुनर्निर्माण का आग्रह कर चुके हैं। महाप्रबंधक ने अधिशासी अभियंता पर बला टाल दी, फिर अवर अभियंता के कंधे पर बंदूक रख दी। लेकिन, पुनर्निर्माण की फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। हां, स्थल पर चेतावनी बोर्ड जरूर लगा दिए गए हैं।

ये भूमिगत सीवेज पंपिंग स्टेशन करीब दस साल पहले बना था। जानकार बताते हैं कि स्टेशन की दीवारें आदि ईंटों की बनाई गई थी।जिस स्थल पर ये बना है, वहां पर पानी की लीकेज होती रहती है। इससे ईंटें गल गई हैं। अगर ये स्टेशन कंक्रीट का बना होता तो इसकी मियाद और बढ़ जाती।




स्टेशन का ढांचा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। क्षेत्रीय पार्षद राजीव कुमार सिंह पिछले वर्ष मई से निरंतर संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर इस खतरनाक भवन के बारे में आगाह करते रहे हैं। आग्रह भी किया कि इसे ध्वस्त कराने के बाद पुर्ननिर्माण करा दिया जाए। पार्षद राजीव बताते हैं कि इस संबंध में महाप्रबंधक (जल), जलकल विभाग, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा 29 मई 2025 के माध्यम से अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), कृष्णा नगर, मथुरा को क्षतिग्रस्त भूमिगत सीवेज पंपिंग स्टेशन के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया था। अधिशासी अभियंता ने अपनी आख्या में स्वीकार किया कि स्थल अत्यंत जर्जर एवं दुर्घटना संभावित है तथा अस्थायी रूप से चेतावनी बोर्ड एवं लोहे की ग्रिल फेंसिंग लगाकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

कोई सुनवाई न होने पर आई.जी.आर.एस. पर शिकायत दर्ज कराई। तब जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार चौधरी द्वारा स्थल निरीक्षण कर स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया कि बल्देवपुरी एक्सटेंशन स्थित भूमिगत सीवेज पंपिंग स्टेशन पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। निरीक्षण आख्या में यह भी उल्लेख किया गया कि पुनर्निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार किए जाने की कार्रवाई प्रचलित है। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा।

पार्षद का कहना है कि उक्त निरीक्षण रिपोर्टों एवं विभागीय पत्राचार को लगभग एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, परन्तु आज तक न तो पुनर्निर्माण का एस्टीमेट तैयार किया गया, न प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई और न ही पुनर्निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया। यदि किसी भी समय इसकी संरचना ध्वस्त हो जाती है तो राहगीरों, स्थानीय निवासियों, बच्चों अथवा वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर जनहानि होने की आशंका है।

TNF TODAY | टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper


# चोरी के सामान संग दो शातिर गिरफ्तार

## बंद मकान में हुई थी लाखों रुपये के सामान की चोरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना शाहगंज पुलिस और सर्विलांस सेल, नगर जोन की संयुक्त टीम ने बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू, नकदी और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।



पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को शाहगंज क्षेत्र में एक बंद मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए थे। पीड़ित की तहरीर पर थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त नगर के निर्देशन में थाना शाहगंज पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। लगातार तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 28 जुलाई को पुलिस ने पैथोली गांव से आगे सरिता धाम जाने वाले मार्ग से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपने नाम अवधेश पुत्र मोहर सिंह, निवासी चंदीपुरा, थाना इरादतनगर, आगरा और रूपकिशोर पुत्र रामसिंह, निवासी गुतला मोड़, शमशाबाद रोड, थाना ताजगंज, आगरा बताए हैं। उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चाकू, 253.32 ग्राम सोने के आभूषण (मोतियों सहित), 1373.5 ग्राम चांदी के आभूषण व अन्य सामान, 700 रुपये, सुजुकी हयाते मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में से एक पर चोरी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। दूसरे अभियुक्त का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ के नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस एवं सर्विलांस सेल, नगर जोन की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी (प्रभारी सर्विलांस सेल), उपनिरीक्षक कुशल कुमार, उपनिरीक्षक सुखवेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक आलोक कुमार, उपनिरीक्षक विवेक मौर्या, उपनिरीक्षक अंकित खैवाल, कांस्टेबल रजित कुमार एवं कांस्टेबल अंकित मलिक शामिल रहे।

मेधा का सम्मान, शिक्षा का अभिमान

# 11 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि और सम्मान पत्र बांटे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

प्रतिभा जब सम्मान पाती है तो वह समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए श्री नारायण बाला शिक्षा सहायता समिति द्वारा आठवां मेधावी छात्रा सम्मान समारोह न्यू आगरा कॉलोनी स्थित चंद्रावती गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 11 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, सम्मान पत्र एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुति देकर समारोह को भक्तिमय एवं सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति का आधार शिक्षा है। जब बेटियां शिक्षित होती हैं तो पूरा परिवार एवं राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने बताया कि समिति पिछले आठ वर्षों से निरंतर मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस वर्ष 11 छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 6 इंटरमीडिएट एवं 5 हाईस्कूल की छात्राएं शामिल हैं।

समिति के प्रवर्तक मनीष अग्रवाल 'रावी' ने कहा कि प्रतिभाओं को पहचानना और उनका सम्मान करना समाज का दायित्व है। संस्था का उद्देश्य केवल सम्मान देना ही नहीं, बल्कि बेटियों में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना विकसित करना भी है।

प्रधानाचार्य डॉ. रचना शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों के मनोबल को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। जब मेहनत को सार्वजनिक रूप से सम्मान मिलता है तो अन्य छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता नीतू सिंह ने किया। समारोह में उज्ज्वल अग्रवाल, दिलीप कुमार, अमित कुमार यादव, गौरव, शादमा अजीज आदि उपस्थित रहे।

### दूध और मिठाई के सैंपल जांच को भेजे, त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

**खेरागढ़।** तहसील क्षेत्र के कागारौल कस्बे में आगामी त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को कागारौल कस्बे में विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों से दूध और मिठाई के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी सुरेंद्र चौरसिया ने बताया कि त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने और लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी नमूनों की जांच प्रयोगशाला में कराई जाएगी। यदि किसी नमूने की रिपोर्ट मानकों के अनुरूप नहीं मिलती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खाद्य कारोबारियों से गुणवत्ता मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न करने की अपील की है।



### जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा का जन्मदिन मनाया

**खंदौली।** भाजपा जन कल्याण मंच के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा का 43वां जन्मदिन मंगलवार को खंदौली स्थित एत्मादपुर रोड पर वृंदावन गार्डन के सामने उनके कार्यालय पर उत्साह एवं सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समर्थकों, शुभचिंतकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (स्वतंत्र) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्वकांत मिश्रा, एडवोकेट विजय शर्मा, शिव उपाध्याय, अनीष उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अंकित शर्मा का माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जनसेवा के क्षेत्र में उनके कार्यों की सराहना की।



## अवैध डंपर सिंडिकेट पर उठे सवाल

# वायरल वीडियो और शिकायतों के बाद निष्पक्ष जांच की मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिले में कथित अवैध डंपर और ओवरलोड परिवहन सिंडिकेट को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार वीडियो और शिकायतें सामने लाई जा रही हैं।आरोप लगाया गया है कि एक बड़े अवैध परिवहन नेटवर्क का संचालन सत्ताधारी दल के एक जिला पदाधिकारी के रिश्तेदार द्वारा किया जा रहा है।

आरोप है कि जब भी ईमानदार पुलिसकर्मी अवैध डंपरों के खिलाफ कार्रवाई करते हैंतो उनके खिलाफ फर्जी शिकायतें कर दबाव बनाया जाता है और कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। बताया जा रहा है कि थाना सैया पुलिस, जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर के निदेशों के तहत अवैध परिवहन पर कार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद सवाल उठ रहा है कि थाना शमशाबाद क्षेत्र से डस्ट, चंबल और गिट्टी से भरे ओवरलोड डंपर आखिर किसके संरक्षण में लगातार निकल रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक ही रॉयल्टी पर कई बार वाहन निकालने जैसे मामलों में पहले कार्रवाई हो चुकी है, तो दूसरे क्षेत्रों में कथित तौर पर वही खेल कैसे जारी है। इससे कार्रवाई की निष्पक्षता और समान अनुपालन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब निगाहें आगरा प्रशासन, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर और उत्तर प्रदेश सरकार पर हैं कि वे वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों का संज्ञान लेकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हैं या नहीं।यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो जिम्मेदारी केवल वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि कथित संरक्षण देने वाले पूरे नेटवर्क की भी तय होनी चाहिए। यह मामला केवल अवैध डंपरों का नहीं, बल्कि कानून के समान अनुपालन, प्रशासनिक पारदर्शिता और सरकारी राजस्व की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

### नशे के विरुद्ध जनजागरूकता के निर्देश दिए

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम, जनजागरूकता, उपचार एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक मंव जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी विद्यालयों में प्रहरी क्लब की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं। उन्होंने विद्यालयों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी निगरानी रखने एवं संबंधित विभागों को विद्यालयों को गोद लेकर सतत जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग ने बताया कि जनपद में नशे के विरुद्ध निरंतर जनजागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं तथा विभिन्न माध्यमों से रैलियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में डीसीपी इमरान अहमद, अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह, बीएसए राकेश सिंह समेत अन्य समस्त कर्मचारी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान

## प्रतिभा अलंकरण एवं दीक्षारंभ समारोह में 30 से अधिक मेधावी सम्मानित

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

राजकीय महाविद्यालय सैंया (खेरागढ़) में आयोजित प्रतिभा अलंकरण एवं दीक्षारंभ समारोह शिक्षा, सम्मान और प्रेरणा का भव्य उत्सव बन गया। समारोह में इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गरिमामय स्वागत कर उन्हें उच्च शिक्षा के नए सफर के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। छात्राओं लक्ष्मी, याना शर्मा और अनुष्का पाठक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। लक्ष्मी ने महाविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक सुविधाओं एवं छात्र हित में संचालित गतिविधियों की जानकारी देकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल पुरस्कार देना नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्टता की भावना को समाज में स्थापित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।विशिष्ट अतिथि एवं गोपाल किरण समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह निमराजे ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार, संविधान के मूल्यों और नैतिक दायित्वों का पालन करने की प्रेरणा दी। श्री मोतीलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एसके शर्मा ने राजकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसरों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।समारोह के दौरान सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। तालियों की गूंज के बीच मेधावियों का सम्मान पूरे आयोजन का सबसे आकर्षक क्षण रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेखा सुमन ने किया। इस अवसर पर डॉ विशाल भास्कर, डॉ हुकम सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ विजय आनंद गौतम, मोतीलाल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता ब्रजकिशोर दंडोतिया सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### उद्योग बंधु की बैठक में बिजली और जलभराव पर मंथन

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इसमें जिलाधिकारी ने विगत बैठक की अनुपालन आख्या तलब की, जिलाधिकारी ने गढ़ी महासिंह सब-स्टेशन, एत्मादपुर, आगरा से जुड़ी औद्योगिक इकाईयों को विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं के संबंध में कृत कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। टेढ़ी बगिया से चार पुलिया तक निर्मित किये जा रहे बड़े नाले के निर्माण में औद्योगिक आवागमन एवं वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने का रखा गया। भगवती बाग फाउण्ड्री नगर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क नाली निर्माण प्रकरण में अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित स्थानों पर प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। बोदला बिचपुरी रोड के नाले की सफाई एवं क्षेत्र में बंदरों की समस्या के निराकरण के संबंध में बताया गया। बैठक में हाईवे पर विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के समीप जलभराव निदान की मांग रखी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत एवं एनएचएआई द्वारा समन्वय बनाकर जलभराव की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हेमंत कुमार, अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार, उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र सिंह व जिला उद्योग बंधु समिति के सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

### परिक्रमा मार्गों पर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के निर्देश

**आगरा।** कांवड़ यात्रा, सावन मास के सोमवार एवं इस अवधि में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस आयुक्त दीपक कुमार द्वारा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की गई है। कांवड़ एवं परिक्रमा मार्गों पर प्रभावी निगरानी, प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था तथा जनपद की सीमाओं, विशेषकर मध्य प्रदेश के धौलपुर, मुरैना, श्योपुर तथा राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों पर समन्वित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

### उद्यान विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन करें

**आगरा।** जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नवीन गाइडलाइन के अनुसार उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनपद को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हो चुकी है। इनमें मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति कृषक औद्यानिक विकास कार्यक्रम तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत फल, सब्जी, पुष्प उत्पादन, मसाला फसल, संरक्षित खेती, कृषि यंत्रीकरण एवं मधुमक्खी पालन सहित विभिन्न योजनाएं शामिल हैं।उन्होंने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत संकर शाकभाजी, टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, प्याज, लहसुन, गुलाब, गेंदा, स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, पपीता, जामुन, आंवला, अमरूद, अनार, पुष्प उत्पादन, शेडनेट/स्ट्रक्चर, कृषि यंत्र, ड्रिप सिंचाई तथा मधुमक्खी पालन इकाइयों सहित विभिन्न मदों में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इच्छुक किसान विभागीय डीबीटी पोर्टल ँ३३स्र२://ुि३.४स्रँङ्ग१३ू४'३४१ी.ल्ल/ पर ऑनलाइन आवेदन करें तथा आवेदन के साथ स्वयं एवं खेत के फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, किसान आईडी, जाति प्रमाण-पत्र (जहां लागू हो) तथा 10 रुपये के स्टाम्प पर नोटरीकृत शपथ-पत्र सहित आवश्यक अभिलेख जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, आगरा में जमा करें।योजनाओं का लाभ पूर्णतः निःशुल्क है।

# तीन स्कूलों में नदारद मिले 14 शिक्षक

## खंदौली में ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक ने किया औचक निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, खंदौली।

विकास खंड खंदौली क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक आशीष शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।इसमें बड़े पैमाने पर शिक्षक और कर्मचारी गायब मिले।



सुबह 8:20 बजे कन्या कम्पोजिट विद्यालय, उजरई कला के निरीक्षण में भारी लापरवाही सामने आई। यहां सहायक अध्यापिका मंजुलता, रेखा रानी, माया शुक्ला, प्रियंका चौधरी, शादाब, शिक्षामित्र रमा शर्मा, रेखा शाक्य और अनुदेशक शशिपाल सिंह अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद सुबह 8:40 बजे प्राथमिक विद्यालय, लाल गढ़ी पहुंचने पर इंचार्ज प्रवीण कुमार, सहायक अध्यापक वंदना यादव, दीपक कुमार और विशाल अग्रवाल नदारद मिले।

वहीं, सुबह 8:50 बजे प्राथमिक विद्यालय, नगला धमाली में इंचार्ज अनुराधा शर्मा और सहायक अध्यापक दुर्गेश सारस्वत भी अनुपस्थित पाए गए। हालांकि, सुबह 9:00 बजे प्राथमिक विद्यालय, गढ़ी राठौड़ का निरीक्षण करने पर संपूर्ण स्टाफ उपस्थित मिला।विद्यालयों में इस प्रकार की लचर कार्यप्रणाली और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक आशीष शर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर सभी लापरवाह शिक्षकों एवं कर्मियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

# विवाहिता ने की यमुना कूदकर जान देने की कोशिश

### गृहक्लेश से थी परेशान, ग्रामीणों ने बमुश्किल बचाया

**फतेहाबाद।** पति की मारपीट से क्षुब्द एक विवाहिता ने मंगलवार को यमुना में कूदकर जान देने की कोशिश की। तभी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल उसे बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने पर लेकर गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फतेहाबाद के ईधौन निवासी गणेश पुत्र शैतान सिंह ने बताया कि मंगलवार को उसकी पत्नी गुस्सा होकर थाना फतेहाबाद क्षेत्र के ईधौन घाट पर बने पक्के पुल पर 5 वर्षीय बेटे को लेकर पहुंच गई। वह यमुना में कूदने जा रही थी तभी आसपास के लोगों ने बचाया। सूचना पर वह मौके पर पहुंच गया। 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को थाने लेकर आई है। वहीं कलावती पत्नी गणेश से बात करने पर बताया कि पति शराब पीता है और आए दिन मारपीट करता है। कई महीनों से मायके में रह रही थी। कल ही लौटकर आई थी तो शराब पीकर मारपीट करने लगा। जिससे क्षुब्ध होकर यमुना पुल पर कूदने के लिए पहुंची थी। पति कुछ काम करता नहीं है। शराब और जुआ में लगे रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि मामला गृहक्लेश का है। जांच की जा रही है।

# रैपुरा में तालाब ओवरफ्लो, रास्तों पर जलभराव

**फतेहाबाद।** विकासखंड फतेहाबाद ग्राम रैपुरा में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश से गांव के तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य मार्गों पर आ गया है। इससे ग्रामीणों को तालाब के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से तालाब की सफाई न होने के कारण इसमें गंदगी का अंबार लगा हुआ है। तालाब ओवरफ्लो होकर पानी बाहर रास्तों पर आ गया है, जिससे सड़कों और गलियों में गंदा पानी जमा हो गया है। दूषित पानी के कारण मच्छर पनप रहे हैं। इससे गांव में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। जलभराव के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को गंदे बदबूदार पानी से होकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ रहा है।

ग्रामीण ब्रह्मलाल सिकरवार ने बताया कि बारिश के चलते तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुस गया है। ग्रामीण राकेश, रामवीर, रामअवतार, प्रमोद, रामनिवास आदि सहित आधा दर्जन लोगों के घरों के सामने पानी भर गया है। इससे स्कूली बच्चों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले रूपाली दीक्षित ने निबोहरा क्षेत्र के रैपुरा में तालाब के गंदे पानी ओवरफ्लो होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### बाइक से टक्कर पर युवक से मारपीट

**खेरागढ़।** कस्बे के सैंया रोड पर सड़क किनारे खड़ी बाइक से मामूली टक्कर होने पर युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कस्बा के समाधि रोड निवासी नरेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते रविवार रात करीब आठ बजे वह सैंया से बाइक द्वारा खेरागढ़ लौट रहे थे। तहसील के सामने सड़क किनारे खड़ी बाइक से उनकी बाइक की हल्की टक्कर हो गई। आरोप है कि इसी बात पर कृष्णा, संजय, कालीचरण तथा उनके कुछ अन्य साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर दी। हमले में नरेश घायल हो गए।

### नशे में तालाब में डूबा युवक, मौत

पिनाहट (आगरा)। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव अर्जुनपुरा में मंगलवार शाम शराब के नशे में तालाब में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। गांव निवासी मोहन सिंह (40) पुत्र रामदीन मंगलवार शाम करीब 4 बजे शराब के नशे में तालाब के किनारे गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। तालाब गहरा होने के कारण गोताखोरों को दिक्कत हुई। इसके बाद जाल और कांटे की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। करीब एक घंटे बाद मोहन सिंह का शव बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मोहन सिंह को शराब की लत थी। करीब 4 साल पहले उसकी पत्नी मालती देवी दो बेटों और एक बेटी के साथ उसे छोड़कर चली गई थी। मृतक का भाई रामजस गांव में परिवार के साथ रहता है।

### स्टीमर बंद होने से व्यापारी नाराज, बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**पिनाहट (आगरा)।** चंबल नदी पर पिछले 8 दिनों से स्टीमर संचालन बंद होने के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसको लेकर व्यापार संगठन और मानवाधिकार सहायता संघ की संयुक्त बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वन विभाग द्वारा अनुमति न होने का हवाला देकर स्टीमर संचालन बंद करा दिया गया है। इससे चंबल नदी पार कर आने-जाने वाले यात्रियों, स्थानीय लोगों और कांवड़ियों को भारी परेशानी हो रही है। सावन में एमपी से आने वाले कांवड़ियों का आवागमन भी प्रभावित हुआ है। व्यापारियों ने निर्णय लिया कि यदि शीघ्र स्टीमर संचालन शुरू नहीं कराया गया तो 29 जुलाई को बाजार बंद रखकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सभी व्यापारियों और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। गौरतलब है कि स्टीमर बंद होने से चंबल के दोनों ओर रहने वाले लोगों का आवागमन ठप है। इससे स्कूली बच्चे, मरीज, मजदूर और दैनिक जरूरतों के लिए आने-जाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

# सम्मान से समझौता नहीं, अन्याय बर्दाश्त नहीं

## राष्ट्रीय परशुराम परिषद की बैठक आयोजित की गई

टीएनएफ टुडे, आगरा।

राष्ट्रीय परशुराम परिषद की ब्रज क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगरा में आयोजित की गई। यह बैठक केवल ब्राह्मण समाज के सम्मान, स्वाभिमान और उत्थान को लेकर बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार में निवर्तमान राज्य मंत्री, संस्थापक संरक्षक राष्ट्रीय परशुराम परिषद पंडित सुनील भराला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित सुनील भराला ने कहा कि ₹हम किसी से बैर नहीं रखते, लेकिन अपने सम्मान से समझौता भी नहीं करेंगे। अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर ब्राह्मण एकजुट हो जाए तो उसे कोई झुका नहीं सकता। हमें शिक्षा, संस्कार और सेवा के रास्ते पर चलकर समाज को नई दिशा देनी होगी।₹ भराला ने आगे कहा कि ₹जो लोग ब्राह्मण समाज को कमजोर समझने की भूल कर रहे हैं, उन्हें इतिहास से सबक लेना चाहिए। परशुराम के वंशज अन्याय के खिलाफ हमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।

भराला ने भाजपा नेता गोविंद शर्मा के पुत्र एवं खेमचंद शर्मा के भतीजे देव शर्मा को नेशनल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। भराला ने कहा कि समाज के युवा शिक्षा और खेल दोनों में आगे बढ़ें, यही हमारी असली ताकत है।

# लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**फतेहाबाद।** तहसील में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। लेकिन लूट की सूचना थाने पर देने से हड़कंप मच गया। बाद में मामला मारपीट का निकला।पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को 112 नंबर पर सूचना दी गई कि तहसील में कुछ लोगों के द्वारा लूट कर ली गई है। जिससे थाने पर हड़कंप मच गया। पुलिस की एक गाड़ी सूचना पर तुरंत तहसील पहुंची तो मामला मारपीट का निकला। जहां थान सिंह पुत्र मूलचंद निवासी बरीपुरा थाना फतेहाबाद ने बताया कि दूसरे पक्ष के रवि पुत्र रणवीर से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है।

# भगवान का मजाक न बनाएं और न सुनेः जया किशोरी

## कथा के दौरान जया किशोरी जी ने धर्म के प्रति किया सावधान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा। भगवान की लीलाओं को सांसारिक नहीं भगवत दृष्टि से देखिए। व्यासपीठ पर बैठीं कथावाचक पूज्यश्री जया किशोरी जी ने कहा कि मनुष्य इतना गिर गया है कि दुख में जिस ईश्वर के सामने प्रार्थना करता है। जब सब ठीक होता है तो मजाक के नाम पर भगवान की छज्जियां उड़ाता है। मजाक के लिए प्रसंग कम पड़ गए कि अब भगवान को भी इसमें खींचा जा रहा है।



अप्रत्यक्ष रूप से वर्तमान परिस्थिति का समाधान बताते हुए कहा कि जब तक आप अपने भगवान को सम्मान नहीं देंगे तो कोई और भी नहीं करेगा। मजाक भले ही दूसरा बनाएं मगर हंसते तो हम ही हैं। हंसना बंद कर दीजिए, मजाक बनने बंद हो जाएंगे।

ये जिम्मेदारी हमारी है कि भगवान के बारे में हमारे ही सामने कुछ कहने से पहले कोई भी सौ बार सोचे। लेकिन पहले हमें सुधरना होगा। इसके लिए उन्होंने श्रद्धालुओं से बचन भी लिया।

**सॉरी शब्द ने गलती करने की दी आजादी**

किशोरी जी ने सामाजिक व पारीवारिक जीवन की सफलता के विषय में बताते हुए कहा कि जो आपसे प्रेम करता है वह क्रोध में भी आपसे प्रेम करेगा। जो क्रोध में सम्मान खो दे वह प्रेम नहीं। मजाक वह है जिसमें बोलने और सुनने वाला दोनों हंसे। एक को अच्छा और दूसरे को बुरा लगे तो वह मजाक नहीं। आजकल की सॉरी ने बहुत काम खराब कर दिया है। गलत करने की आजादी दे दी है। फिल्मों और सीरियल की शादियों में खुशी का माहौल 3-4 दिन की कहानी होती है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper



# थार-स्कॉर्पियो में सवारी बैठाकर लूट

## किराये पर लग्जरी गाड़ियां लेकर करते थे वारदात

टीएनएफ टुडे, आगरा।



थाना शमशाबाद और थाना बमरौली कटारा पुलिस की संयुक्त टीम ने सवारी बैठाकर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का 48 घंटे के भीतर पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी, आभूषण, एक तमंचा तथा वारदात में इस्तेमाल की गई किराये की थार और स्कॉर्पियो बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी किराये पर थार और स्कॉर्पियो जैसी लग्जरी गाड़ियां लेते थे और रात के समय सवारी वाहन बताकर यात्रियों को बैठा लेते थे। इसके बाद उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाकर मारपीट करते हुए नगदी, आभूषण और अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो जाते थे।

जांच में सामने आया कि गिरोह ने पहली वारदात थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में की थी। आरोपियों ने बिजलीघर क्षेत्र से एक व्यक्ति को सवारी के बहाने थार में बैठाया और रास्ते में सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ मारपीट कर नगदी और सोने के आभूषण लूट लिए। वारदात के बाद पीड़ित को सड़क किनारे उतारकर फरार हो गए। दूसरी घटना थाना शमशाबाद क्षेत्र की है, जहां आगरा रोड स्थित बड़ागांव के पास एक व्यापारी को आगरा से राजाखेड़ा जाने वाली सवारी गाड़ी बताकर वाहन में बैठाया गया। आरोपियों ने उसे भी सुनसान स्थान पर ले जाकर लूट लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करन जादौन पुत्र राजू निवासी नयावास, सूरज तोमर पुत्र प्रकाश निवासी बिसैरी गोरवा,

**पुलिस ने 48 घंटे में चार बदमाश को किया गिरफ्तार**

विवेक कुशवाहा पुत्र राकेश निवासी कहरई तथा दीपेश पुत्र बहादुर निवासी शहीद नगर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि सभी के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी, सोने के आभूषण, एक अवैध तमंचा तथा वारदात में प्रयुक्त किराये की थार और स्कॉर्पियो बरामद की है।थाना प्रभारी शमशाबाद सुरेंद्र राव ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। उनके नेटवर्क और अन्य वारदातों के संबंध में भी जांच की जा रही है। पूछताछ में कई और घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

### छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन 11 अगस्त से

**आगरा।** प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनाओं के अंतर्गत समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है।जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि संबंधित विद्यालय अपने छात्रवृत्ति पोर्टल पर 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक मास्टर डाटा तैयार करेंगे।विद्यालय अपनी मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल का सत्यापन 23 जुलाई से 9 अगस्त 2026 तक जिला विद्यालय निरीक्षक से कराएंगे।

उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा 11 अगस्त से 31 सितम्बर तक छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के उपरांत अभ्यर्थियों को 30 सितम्बर तक अपना आवेदन अंतिम रूप से सबमिट करना होगा। आवेदन पत्र की हार्डकॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित संबंधित विद्यालय में 5 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

# वीरनारी और पूर्वसैनिकों का सम्मान

## 27वें कारगिल विजय दिवस पर डीएम ने किया सम्मानित



टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 27वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी तथा पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्र के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।कारगिल युद्ध के वीर जवानों के परिवारों को अंगवस्त्रम और उपहार देकर सम्मानित करने के साथ,वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए बलिदान, ह्लपरम बलिदानह्व है। देश की सीमाओं की रक्षा हेतु जान न्योछावर करने की शब्दों में कृतज्ञता बयान नहीं की जा सकती। उन्होंने पूर्व सैनिकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने अनुभव, जज्बा से देशभक्ति सेओतप्रोत अच्छे नागरिकों को तैयार करने में भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल के अमर शहीदों का त्याग हम सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल अमरेंद्र कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हेमंत कुमार,जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन सुनील कुमार सहित पूर्व सैनिक, वीर नारियों, शहीदों के आश्रितों की मौजूदगी रही।

# बंद मकान में मिला महिला का शव

## पति पर हत्या का शक, घर के बाहर भीड़ जमा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजगंज थाना क्षेत्र के पूर्वी गेट स्थित नगला पेमा रोड पर मंगलवार को एक बंद मकान से महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुरूआत में यह चर्चा थी कि घर के अंदर फरहान नामक युवक का शव पड़ा है, लेकिन जब पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में मकान का ताला खुलवाया तो अंदर एक महिला का शव मिला। बताया जा रहा है कि घटना के बाद महिला के परिजन घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। वहीं, प्रारंभिक जांच में पुलिस पति की भूमिका को भी संदेह के दायरे में मानकर जांच कर रही है। मृतका की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह करीब 7 बजे पुलिस को बंद मकान में संदिग्ध परिस्थिति की सूचना मिली थी। ताजगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई, लेकिन घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम के आने तक मकान का ताला नहीं खोला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब तीन घंटे तक पुलिस और स्थानीय लोग फील्ड यूनिट का इंतजार करते रहे। इसके बाद टीम के पहुंचने पर विधिवत तरीके से ताला खुलवाया गया। अंदर महिला का शव बरामद हुआ।



### कई सवालों के जवाब तलाश रही पुलिस

पुलिस फिलहाल हत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिला की मौत किन परिस्थिति में हुई और घटना के बाद परिजन घर पर ताला लगाकर क्यों चले गए। पति की भूमिका भी जांच के दायरे में है। उससे जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर निकाली रैली

## पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर लाइनर शू प्रा.लि. की ओर से वित्तपोषित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत लेंडिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा मोहम्मदपुर क्षेत्र में जागरूकता रैली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षकों, मोहम्मदपुर के ग्रामवासियों एवं लेंडिंग हैंड्स फाउंडेशन की टीम के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण से संबंधित नारों और संदेशों के माध्यम से स्थानीय समुदाय को प्रकृति संरक्षण एवं हरित पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। लाइनर शू प्रा.लि. के परिसर के समक्ष पौधारोपण किया गया।

विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के लोगों को वृक्षों के पर्यावरणीय महत्व, जैव विविधता के संरक्षण तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

लेंडिंग हैंड्स फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, स्थानीय सदस्य तथा लेंडिंग हैंड्स फाउंडेशन की टीम ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, मोहम्मदपुर प्यारेलाल, ग्राम सचिव मोहम्मदपुर कविता सिंह, ग्राम सचिव लखनपुर क्षमा कुलश्रेष्ठ, उच्च प्राथमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर की प्रधानाध्यापिका शिलांगना, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राहुल देव उपाध्याय, परिवर्तन परियोजना की ओर से प्रोग्राम एसोसिएट सोहेल अब्बास एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर उमेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एक अगस्त को करेंगी जनसुनवाई

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा बबीता चौहान का जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वे एक अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे नवीन सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई करेंगी। उप्र महिला आयोग शासन के क्रम में आयोजित महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास विभाग परिवहन विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक भी करेंगी। जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा बैठक/महिला जनसुनवाई की जायेगी।महिला जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

# रेड मैराथन के जरिए किया एड्स के प्रति जागरुक

## जिला क्षय रोग अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, विभिन्न कॉलेज के 90 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को एचआईवी एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यूथ फेस्ट- रेड रन मैराथन का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति (यूपीसेक) के तत्वावधान में किया गया। मैराथन प्रतियोगिता पालीवाल पार्क स्थित डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के गेट से प्रारंभ हुई। इसे जिला क्षय रोग व एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश ने हरी झंडी दिखाई।

रेड रन मैराथन प्रतियोगिता में जनपद आगरा के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के कुल 90 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार सेंट जोंस कॉलेज के छात्र वौरिस, द्वितीय पुरस्कार आरबीएस कॉलेज के दीपक, तृतीय पुरस्कार-आरबीएस कॉलेज के धरमा और सांत्वना पुरस्कार आरबीएस कॉलेज के विवेक यादव ने हासिल किया।

महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार आगरा कॉलेज की छात्रा नेहा, द्वितीय पुरस्कार सेंट जोंस कॉलेज की सलोनी, तृतीय पुरस्कार श्री दाऊजी महाराज कॉलेज की खुशबू और जया ने प्राप्त किया।

इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। सभी विजयी प्रतियोगियों को जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता द्वारा पुरस्कार वितरण किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी हेड आगरा कॉलेज की डॉ. रीता निगम, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसके राहुल एवं जिला क्षय रोग केन्द्र आगरा एवं दिशा क्लस्टर यूनिट, आगरा की समस्त टीम एवं एचआईवी/एड्स पर कार्य कर रहे एनजीओ के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।



### आगरा के साहित्यकार का डीग में सम्मान

**आगरा।** श्री हिन्दी पुस्तकालय समिति, डीग (राजस्थान) के 100 वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हिन्दी भाषा की विभिन्न विधाओं में आमंत्रित प्रविष्टियों के मूल्यांकन के उपरांत गठित समिति की समीक्षा एवं कार्यकारिणी के अनुमोदन के उपरांत पुरस्कारों की घोषणा की गयी। ब्रजभाषा के पुरस्कार विजेताओं में आगरा शहर के डा. राजीव शर्मा 'निस्पृह' को 'श्रीमती गुनवती कुंदनलाल जैन ब्रजभाषा बालगीत पुरस्कार' प्रदान किया गया। समिति द्वारा विजेता साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरुप पुष्पहार, श्रीफल, शाल, उत्तरीय वस्त्र, गौमाता की छवि स्मृतिचिह्नि, प्रशस्तिपत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। 27 जुलाईको श्री हिंदी पुस्तकालय डीग (राज०) के 'अरुण' सभागार में आयोजित गरिमामय व भव्य समारोह में सिद्धपीठ खोहरी पीठाधीश्वर महंत डा. कौशल किशोर महाराज (न्याय वेदांताचार्य) कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीग के जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ एवं ब्रजभाषा अकादमी की सचिव डॉ. लता श्रीमाली रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत लाल मीना रहे। जो बिहार के पूर्व मुख्य सचिव व वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा गठित परीक्षा सुधार समिति के सदस्य हैं। इस अवसर पर समिति के प्रधान मंत्री कृष्ण कुमार मुद्गल, साहित्य मंत्री एवं संयोजक सुरेंद्र शर्मा सार्थक एवं सभापति मानसिंह यादव सहित डीग के अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

### बजरंग दल नेनगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**आगरा।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के कार्यकताओं ने सावन मास की पवित्रता एवं कांवड़ यात्रा की सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को नगर निगम परिसर में प्रभावशाली शक्ति प्रदर्शन किया। इसके उपरांत नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुत शिशिर कुमार को सौंपकर जनभावनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि सावन के पवित्र माह में जनपद आगरा की समस्त मीट एवं मांसाहार की दुकानों को बंद रखा जाए।जिससे धार्मिक आस्था का सम्मान बना रहे। बजरंग दल ने कांवड़ यात्रा के सफल एवं सुरक्षित संचालन के लिए कांवड़ मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने, सड़कों के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, नियमित साफ-सफाई एवं कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था करने तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रबंध करने की मांग की।अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष सुनील पाराशर, राकेश त्यागी, दिग्विजय नाथ तिवारी, बंटी ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, रिंकू चौधरी, अनुज पाठक, पवन धाकड़, राहुल वाष्णे, कार्तिक, शिवम् दुबे, गोपी महोर, दीपक शर्मा, मिथुन कुमार, महेश गोस्वामी, सारांश बजरंगी, यशपाल, अमित खटिक, सतीश रघुवंशी, अमित वर्मा,निखिल आदि उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल में कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ.एमपीएस वर्ल्ड स्कूल के अतुल्य भारत सांस्कृतिक सभागार में कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में राष्ट्रप्रेम, शहीदों के प्रति अटूट श्रद्धा, भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान तथा भारत माता की सेवा के लिए समर्पण की भावना जाग्रत करना था। सम्पूर्ण सभागार देशभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया और प्रत्येक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह के हृदय में राष्ट्रगौरव का भाव जाग्रत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष एवं भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह और विद्यालय की प्रधानाचार्या राखी जैन द्वारा किया गया।इस अवसर पर भारतीय वायु सेना की फ्लाइट लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना के जीवन पर आधारित एक अत्यंत प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति मंचित की



गई। प्रस्तुति में दशार्या गया कि किस प्रकार गुंजन सक्सेना ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भारतीय वायु सेना में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में देशभक्ति गीत, ओजस्वी कविताएँ, प्रेरक भाषण, समूहगान, देशभक्ति नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि देशभक्ति केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प है। यह हमारे संस्कारों में बसने वाला धर्म और हमारे रक्त में प्रवाहित होने वाला कर्तव्य है। प्रधानाचार्या राखी जैन ने कहा कि देशप्रेम किसी एक दिवस तक सीमित नहीं होता बल्कि यह जीवन की वह प्रेरणा है जो प्रत्येक व्यक्ति के विचारों, व्यवहार और कर्म में प्रतिदिन दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन चंद्रशेखर डैंग, समन्वयक योगी चाहर, सौम्या मिश्रा, सुनयना चंद्रा, प्राची यादव, अंकित कुमार, दिव्या खंडेलवाल, पलक जैन उपस्थित रहे।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# परिवार परम्परा एवं बिखरते रिश्ते पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

भारत आज विश्वगुरु बनने का स्वप्न देख रहा है। आर्थिक प्रगति, वैज्ञानिक उपलब्धियां, डिजिटल नवाचार और वैश्विक नेतृत्व निश्चित रूप से गर्व के विषय हैं। लेकिन यदि हमारी सबसे बड़ी सांस्कृतिक शक्ति ह्यसंयुक्त परिवारह्न कमजोर हो जाएगी, तो यह प्रगति अधूरी रह जाएगी। विश्व भारत से केवल आर्थिक शक्ति की अपेक्षा नहीं करता, बल्कि उन जीवन-मूल्यों की भी अपेक्षा करता है जिन्होंने हजारों वर्षों तक इस सभ्यता को जीवित रखा है। विश्वगुरु वही बन सकता है जो अपने परिवारों को भी मजबूत रख सके। जिस समाज में माता-पिता उपेक्षित हों, बुजुर्ग अकेले हों, बच्चे भावनात्मक रूप से असुरक्षित हों और पति-पत्नी विश्वास के संकट से जूझ रहे हों, वह केवल आर्थिक महाशक्ति बन सकता है, सांस्कृतिक महाशक्ति नहीं। समय आ गया है कि परिवारों में पुनः संवाद की संस्कृति विकसित की जाए। सप्ताह में कुछ समय ऐसा हो जब पूरा परिवार बिना मोबाइल के साथ बैठे। बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा ही नहीं, अच्छे संस्कार भी मिलें। विद्यालयों में जीवन-मूल्य और भावनात्मक शिक्षा को महत्व दिया जाए। विवाह-पूर्व परामर्श, पारिवारिक परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि परिवार में बुजुर्गों की भूमिका को पुनः सम्मानपूर्वक स्थापित किया जाए, क्योंकि वे केवल अतीत के प्रतीक नहीं, बल्कि भविष्य के मार्गदर्शक हैं। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी किसी न्यायिक टिप्पणी भर नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी का शंखनाद है। यदि हमने अभी भी अपने परिवारों को बचाने का प्रयास नहीं किया तो आने वाले वर्षों में केवल अदालतों में मुकदमे नहीं बढ़ेंगे, बल्कि समाज की संवेदनाएं भी समाप्त होती जाएंगी। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है- 'वसुधैव कुटुम्बकम्।' लेकिन जो समाज अपने ही परिवार को नहीं बचा पाएगा, वह पूरी दुनिया को परिवार कैसे मान सकेगा? आज आवश्यकता नई इमारतें बनाने की नहीं, बल्कि बिखरते घरों को जोड़ने की है। नई तकनीक विकसित करने की नहीं, बल्कि टूटते संवादों को पुनर्जीवित करने की है। नई पीढ़ी को केवल सफल बनाने की नहीं, बल्कि संवेदनशील बनाने की है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो उसकी शुरूआत संसद, न्यायालय या विश्वविद्यालयों से नहीं, बल्कि हर घर के आंगन से होगी। संयुक्त परिवार की आत्मा, रिश्तों की गरिमा, संवाद की संस्कृति और संस्कारों की विरासत को पुनर्जीवित करना ही इस युग की सबसे बड़ी राष्ट्रीय आवश्यकता है। यही सुप्रीम कोर्ट की चिंता का वास्तविक संदेश है और यही भारतीय सभ्यता के भविष्य की सबसे बड़ी आशा भी। परिवार केवल एक छत के नीचे रहने वाले लोगों का समूह नहीं, बल्कि विश्वास, त्याग, धैर्य और संस्कारों का जीवंत विद्यालय है। जब इस विद्यालय की नींव कमजोर होने लगती है तो उसका प्रभाव केवल एक घर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा समाज उसकी कीमत चुकाता है। देश के बहुचर्चित सोनम रघुवंशी ह्यहनीमून मर्डरह्न प्रकरण की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की पीठ द्वारा व्यक्त की गई चिंता केवल एक अपराध पर की गई टिप्पणी नहीं थी, बल्कि भारतीय समाज के बदलते चरित्र का गहन सामाजिक विश्लेषण थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले ने जिस पीड़ा के साथ कहा कि संयुक्त परिवार लोगों को धैर्य, संयम, सहनशीलता और समायोजन सिखाते थे, वहीं आज एकल परिवारों में अवसाद, असहिष्णुता और संबंधों का विघटन बढ़ रहा है, वह हमारे समय का कटु सत्य है। डिजिटल क्रांति ने जीवन को सरल अवश्य बनाया है, लेकिन यदि तकनीक मनुष्य पर हावी हो जाए तो वह संबंधों की सबसे बड़ी शत्रु बन जाती है। आज परिवार एक ही कमरे में बैठकर भी अलग-अलग दुनिया में खोया रहता है। भोजन की मेज पर संवाद समाप्त हो गया है। आंखों में आंखें डालकर बातें करने की परंपरा लुप्त होती जा रही है। इससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर पड़ रहा है और अकेलापन बढ़ रहा है। इस पूरे संकट की जड़ केवल आधुनिकता नहीं है। समस्या आधुनिकता के असंतुलित और अंधानुकरण में है। पश्चिम से हमने तकनीक तो अपनाई, लेकिन उसकी सामाजिक चुनौतियों से सीख नहीं ली। अब पति और पत्नी के बीच तीसरा आना आम बात हो गयी है, और यही तीसरा समस्या की जड़ है। इस तरह के अवैध रिश्तों ने त्रासद घटनाओं को जन्म दिया है।

## नारद मोह

# पद का ढोल और चाय की प्याली

शुरुआत 'प्रेस कार्ड' के गले में लटकने से होती है, फिर देखते-देखते एक अदद संगठन का जन्म हो जाता है। जन्म के साथ ही विज्ञापनों और शुभकामनाओं से अटी लंबी कार्यकारिणी तैयार होती है—अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्रियों की ऐसी फौज, जितनी शायद किसी जिले में पुलिस बल की भी न हो। इसके बाद भव्य सम्मेलन का मंच सजता है। बैनर पर नाम पत्रकारों का होता है, कुर्सियाँ अतिथियों की होती हैं, और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच असली पत्रकार के हाथ में या तो माइक थमा दिया जाता है या चाय का खाली कप। अंत में, तथाकथित पत्रकारिता का यह पूरा भव्य अनुष्ठान सिर्फ इस बात पर समाप्त होता है कि कौन किसके स्वागत में कितनी गहरी झुककर नमस्कार कर पाया।

पत्रकारिता अब मिशन नहीं, बल्कि 'पद और स्वागत' का एक ऐसा मेला बन गई है जहाँ संगठन, अध्यक्ष और सम्मेलनों की लंबी फेहरिस्त में असल पत्रकार सिर्फ चाय-नाश्ता कराने या नेताओं की अगवानी करने भर को बचता है। गली-मोहल्ले से लेकर सोशल मीडिया तक हर दस में से सात-आठ लोग खुद को अध्यक्ष या महासचिव घोषित कर रहे हैं। मंच पर मंत्री और संत्री बैठते हैं, और असली पत्रकार उनके साथ आए लोगों की खातिरदारी में जुटे रहते हैं। आमंत्रण से लेकर विदाई तक, पत्रकार यह समझ नहीं पाता कि वह कवरेज करने आया है या किसी के स्वागत का ठेका लेकर बैठा है।

# तानाशाही के प्रोजेक्ट पर जेन जी ने लगाया ब्रेक

आज जब न्यायपालिका समेत जनतंत्र की सभी संस्थाओं पर, संसदीय बहुमत के बल पर कार्यपालिका पर काबिज हुए संघ-भाजपा का करीब मुकम्मल कब्जा हो गया है, देश में जनतंत्र के ढांचे के नाम पर जो कुछ बचा है, उसके तहत विपक्ष की इस निराशा में एक और महत्वपूर्ण तत्व, परिसीमन की सिर पर लटकती तलवार का है, जो सत्तापक्ष को देश के राजनीतिक भूगोल को ही अपने मनमाफिक बदलने का मौका दे सकता है।

आखिरकार, शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान की विदाई हो गयी। कॉकरोच जनता पार्टी के सहारे सामने आयी युवा आक्रोश की आंधी ने मोदीशाही को अपने इस स्वघोषित सिद्घांत को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया कि, उसकी सरकार में इस्तीफे नहीं होते हैं। देश के युवाओं ने बल्कि कहना चाहिए कि जेन ज़्ाी ने, मोदीशाही को अपनी उक्त मुद्रा को बदलने पर मजबूर कर दिया है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस तरह की मुद्रा, जनतंत्र में शासन और उसमें भी सबसे बढ़कर कार्यपालिका की जवाबदेही का रास्ता कसकर बंद करने की, तानाशाहीपूर्ण जिद को ही दिखाती है। कार्यपालिका की जवाबदेही, उसी प्रकार जनतंत्र की न्यूनतम शर्त है, जैसे कार्यपालिका का आम जनता द्वारा चुना जाना। इस सिलसिले में यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि ऐसा नहीं है कि इन 12 साल से ज्यादा में मोदी ने अपने किसी मंत्री को बदला या हटाया ही नहीं हो। बेशक, अपने तीन कार्यकालों के बीच मोदी ने दर्जनों मंत्रियों के विभागों को बदला या उन्हें हटाया है। लेकिन, अब तक ये सारे बदलाव मोदी ने अपनी मर्जी से, संबंधित व्यक्तियों की उपयोगिता की अपनी समझ के आधार पर किए थे। इसका एकलौता अपवाद जेएम अकबर बने, जिन्हें 'मीटूइ की लहर में लगे आरोपों के सहारे मंत्रिमंडल से बाहर करना, शायद संघ को मंत्रिमंडल को मुस्लिम-मुक्त कराने के लिए जरूरी लगा होगा।

जनतांत्रिक दबाव के सामने झुकना, मोदीशाही के तानाशाहीपूर्ण मिजाज को मंजूर होना दूर रहा, इससे उल्टा संदेश देना ही उसकी मजबूत आत्मछवि के लिए जरूरी माना जाता रहा है। याद रहे कि धर्मेंद्र प्रधान के विभाग में भी, मोदी के राज के शुरूआती दौर में मंत्री बनाकर बैठायी गयी, अभिनेत्री से राजनीतिक नेता बनी स्मृति ईरानी शुरू से ही विवादों में घिरी रही थीं और रोहित वेमुला कांड से लेकर,



जेएनयू के खिलाफ संघ-भाजपा की खुल्लमखुल्ला शत्रुतापूर्ण मुहिम तक कई विवाद ही शामिल नहीं थे बल्कि खुद प्रधानमंत्री मोदी की तरह, उनकी शैक्षणिक योग्यता भी निरंतर विवादों से घिरी रही थी। इसके बावजूद उन्हें हटाने की शैक्षणिक समुदाय की मांगों को नरेंद्र मोदी ने लगातार अनदेखा किया और बाद में शिक्षा मंत्रालय से तब उनका तबादला किया, जब इस मंत्रालय पर आरएसएस के प्रत्यक्ष नियंत्रण के लिए वह ज्यादा उपयोगी नहीं नजर आयीं। इस अर्थ में देश के युवाओं ने जनतांत्रिक दबाव के प्रभावीपन को फिर से स्थापित करने के जरिए, मोदीशाही की तानाशाही की परियोजना को कम से कम दो कदम पीछे तो धकेल ही दिया है।

जनतंत्र के पक्ष में युवाओं के इस हस्तक्षेप का महत्व इस तथ्य से बहुत बढ़ जाता है कि यह हस्तक्षेप, विधानसभा चुनावों के हालिया चक्र के फौरन बाद आया है, जिस चक्र के बाद अव्वल तो प. बंगाल की सत्ता पर काबिज होने के जरिए, देश में सत्ता पर संघ-भाजपा का शिकंजा और भी कस गया था। और इससे भी महत्वपूर्ण रूप से चुनाव के इस चक्र ने देश में चुनाव प्रक्रिया की वैधता के मोदी राज द्वारा रसातल में पहुंचा दिए जाने के प्रबल संकेत दिये थे। मोदी राज में चुनाव आयोग जिस तरह से चुनाव में सभी प्रतिद्वंद्वियों के लिए बराबरी का मैदान मुहैया कराने की अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह से मुंह मोड़कर, सत्तापक्ष की ओर मुंह कर के बैठ गया है, उसके ऊपर से चुनाव के इस चक्र में सत्तापक्ष को खासतौर पर बंगाल में जिताने के लिए चुनाव आयोग ने एसआईआर के नाम पर मतदाता सूचियों में से करीब 27 लाख जैनुइन मतदाताओं के मताधिकार को टार्गेटेड तरीके से विवादित बनाकर, उनका मताधिकार निलंबित करा दिया था। इसके अलावा सारे चुनावी तंत्र ही नहीं, पुलिस-प्रशासनिक तंत्र को भी, सचेत रूप से केंद्रीय प्रशासन के नियंत्रण में दे दिया गया था।

और यह सब जिस नंगई से किया गया था और इस सब को जिस तरह शीर्ष न्यायपालिका ने होते रहने दिया था, उससे जनतंत्र की चिंता करने वालों ने वास्तव में यह सवाल करना शुरू कर दिया था कि क्या ऐसे हालात में, चुनाव का कोई अर्थ बचा भी है? यह सवाल सिर्फ स्वतंत्र बौद्धिकों/ राजनीतिक समीक्षकों तक ही सीमित नहीं था। देश में लगभग समूचा विपक्ष ही किसी न किसी हद तक इस सवाल से दो-चार हो रहा था। इसी का नतीजा था कि विधानसभा चुनाव के पिछले चक्र के बाद, विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के अलावा दो अन्य पार्टियों को मिलाकर, कुल 23 राजनीतिक पार्टियों ने, देश के मुख्य न्यायाधीश को संयुक्त पत्र लिखकर, वर्तमान चुनाव आयोग के कदमों से चुनावों की निष्पक्षता तथा वैधता के खतरे में पड़ जाने के संदर्भ में, न्यायपालिका के हस्तक्षेप की जरूरत को रेखांकित किया था। इसके ऊपर से, इन पार्टियों ने संयुक्त रूप से यह सवाल भी उठाया था कि न्यायपालिका के अलावा और कोई दरवाजा भी तो नहीं बचा है, जिसे वे न्याय के लिए खटखटा सकें!

आज जब न्यायपालिका समेत जनतंत्र की सभी संस्थाओं पर, संसदीय बहुमत के बल पर कार्यपालिका पर काबिज हुए संघ-भाजपा का करीब मुकम्मल कब्जा हो गया है, देश में जनतंत्र के ढांचे के नाम पर जो कुछ बचा है, उसके तहत विपक्ष की इस निराशा में एक और महत्वपूर्ण तत्व, परिसीमन की सिर पर लटकती तलवार का है, जो सत्तापक्ष को देश के राजनीतिक भूगोल को ही अपने मनमाफिक बदलने का मौका दे सकता है। हाल के वर्षों में, वर्तमान चुनाव आयोग के ही नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर और असम में परिसीमन किए जाने का अनुभव भी देश के सामने आ चुका है। इन दोनों ही राज्यों में परिसीमन इस तरह से किया गया कि उसने सत्तापक्ष के बहुसंख्यकवादी राजनीतिक आधार की चुनावी ताकत तथा प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने का और खासतौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों की चुनावी ताकत तथा प्रतिनिधियों की संख्या घटाने का काम किया है। देश के पैमाने पर आबादी को ही आधार बनाकर किया जाता है तो परिसीमन, उत्तर और दक्षिण के राजनीतिक वजन में, उत्तर के पक्ष में भारी उलट-फेर कर सकता है। इसके ऊपर से परिसीमन की प्रक्रिया पर सत्तापक्ष का नियंत्रण, उसे राज्यों की सीमाओं के अंदर चुनाव क्षेत्रों में मनमुताबिक फेर-बदल करने का मौका देगा वह अलग। इसके बाद तो सत्तापक्ष एक प्रकार से सत्ता पर अपने कब्जे को, जनता की इच्छा से करीब-करीब स्वतंत्र ही कर सकता है।

याद रहे कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान, मोदीशाही ने महिला आरक्षण के लागू किए जाने का रास्ता साफ करने की आड़ में, परिसीमन के लिए संविधान संशोधन पारित कराने की कोशिश की थी। बेशक, उस समय विपक्ष ने एकजुट होकर उसकी इस कोशिश को विफल कर दिया क्योंकि संविधान संशोधन प्रस्ताव पारित कराने के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत सत्ता पक्ष की पहुंच से दूर था, लेकिन सत्ता पक्ष ने इस हार के बाद भी इसे थोपने की अपनी कोशिशें बंद नहीं की थीं। उल्टे विधानसभा चुनाव के हाल के चक्र के बाद से, खरीद-फरोख्त के नंगे खेल के जरिए, बंगाल में सत्ता से बाहर हुई तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्यों और उद्धव ठाकरे की शिव सेना के भी लोकसभा सदस्यों का दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा, अन्य पार्टियों में मिलाए जाने के रास्ते, सत्तापक्ष में पहुंचाया जा चुका है।

**-राजेंद्र शर्मा**

# हरित आंदोलन का हरा चश्मा और आगरा की धुंधली तस्वीर

आगरा में पर्यावरण बचाने की लड़ाई पिछले कई दशकों से सिर्फ एक ही ढर्रे पर घूम रही है ; अदालत, आरटीआई, एनजीटी। याचिका दायर होती है, आदेश आता है, जुमार्ना लगता है, अखबारों में खबर छपती है , और फिर सब कुछ वहीं का वहीं। हवा वैसी ही जहरीली, यमुना वैसी ही मरी हुई। साफ बात यह है कि इलाज खूब हो रहा है, बीमारी ठीक होने का नाम नहीं ले रही।

वरिष्ठ पर्यावरणविद एम.सी. मेहता की जनहित याचिका से ताज ट्रेपेजियम जोन (ळळे) बना, उद्योग बंद हुए या बाहर धकेले गए, कोयला-कोक जैसे ईंधनों पर रोक लगी। उम्मीद थी कि हवा साफ होगी, नदी ज़िंदा होगी। हुआ उल्टा , हजारों लोगों का रोजगार छिन गया, उद्योग तबाह हुए, लेकिन हवा और गंदी हुई, यमुना और सड़ी।

आज भी आगरा का अदकअक्सर 100 से 150 के बीच झूलता रहता है। हवा में धूल के महीन कण विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सीमा से कई गुना ज्यादा हैं। ताजमहल कई-कई दिन धुंध की चादर में गुम रहता है, और पर्यटक खुली हवा में



सांस लेने से पहले दो बार सोचते हैं। यह किसी शहर की नहीं, एक विश्व धरोहर की बेइज्जती है।

यमुना का हाल तो और भी शर्मनाक है। बिना ट्रीट किया सीवर सीधे नदी में उंडेला जा रहा है। पानी में गंदगी इतनी है कि कई जगह ऑक्सीजन लगभग खत्म हो चुकी है ; यानी नदी नहीं, यह एक बहता हुआ नाला है। जलीय जीव इसमें ज़िंदा नहीं रह सकते, इंसान तो दूर की बात है।

हाल ही में एनजीटी ने यमुना में गंदा पानी बहाने पर आगरा नगर निगम पर 58.39 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुमार्ना ठोका। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे बरकरार रखा। निगम को 10 करोड़ जमा करने और नया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का आदेश मिला। ठीक है, कार्रवाई हुई , मगर असली सवाल यह है: क्या जुमार्ना भरने से नदी साफ हो जाएगी? यह पैसा भी आखिर जनता की जेब से ही निकलेगा। जब तक अफसर और नेता निजी तौर पर जवाबदेह नहीं ठहराए जाते, तब तक ऐसे आदेश सिर्फ फाइलों की शोभा बढ़ाते रहेंगे।

आगरा में जोशी साहब, रमन जी, डॉ देवाशीष भट्टाचार्य, डॉ संजय चतुर्वेदी, डॉ शरद गुप्ता, डॉ मुनीश्वर गुप्ता, डॉ संजय कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट के.सी. जैन, डॉ मुकुल पांड्या, श्री जगन प्रसाद तेहरिया जैसे लोगों ने बरसों पर्यावरण के लिए लड़ाई लड़ी है। उनकी नीयत और मेहनत पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। लेकिन कड़वा सच यह भी है कि यह लड़ाई मुट्ठी भर लोगों तक सिमट कर रह गई। अदालत से आदेश मिलते रहे, जमीन पर अमल नहीं हुआ। कीठम झील का जंगल नहीं बचा, तालाब एक-एक कर घिरते गए। विभागों में तालमेल नहीं, नेताओं में इच्छाशक्ति नहीं, और खुद सिविल सोसाइटी में भी एकजुटता और साफ रणनीति की कमी रही।

सबसे बड़ा तमाशा यह है कि ळळे बनने के बाद भी अवैध कॉलोनियां बेरोकटोक बसती गईं, हरित क्षेत्र सिकुड़ते गए, यमुना और गंदी होती गई। मुकदमे चलते रहे, अफसर जवाब देते रहे, निगम जुमार्ना भरता रहा ; लेकिन जिन जनप्रतिनिधियों को असली जवाबदेही तय करनी थी, उनसे कभी सख्ती से सवाल नहीं पूछा गया। शहर बिना किसी दिशा के बढ़ता रहा, और नगर नियोजन सिर्फ फाइलों में कैद रहा।

सच कहें तो पूरा दोष अदालतों या कार्यकताओं पर मढ़ना नाइंसाफी होगी। असली ज़िम्मेदारी राजनीति और शासन की है। लेकिन हरित आंदोलन को भी आईने में अपनी शक्ल देखनी होगी। सिर्फ अदालत के भरोसे बैठे रहना अब चलने वाला नहीं। लोगों को साथ जोड़ना होगा, जनमत तैयार करना होगा, नेताओं पर लोकतांत्रिक दबाव बनाना होगा, और वैज्ञानिक सोच के साथ शहर की योजना बनानी होगी ; वरना यही चक्र दोहराता रहेगा।

अदालतें इंसाफ दिला सकती हैं, शासन नहीं चला सकतीं। आगरा को मुकदमों से ज्यादा जवाबदेह राजनीति, ईमानदार प्रशासन और जनता की सक्रिय भागीदारी चाहिए। तभी पर्यावरण बचाने की मुहिम सच में कामयाब होगी, और आगरा की धुंधली तस्वीर साफ होगी।

अब वक्त सिर्फ मुकदमे लड़ने का नहीं, नीयत और जमीन पर अमल दिखाने का है। जनता को लामबंद किए बिना कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा ; वरना हर कोई अपनी ढोलक बजाता रहेगा, अपना भजन गाता रहेगा, और शहर धुंध में डूबा रहेगा।

**-बृज खंडेलवाल द्वारा**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 30 जुलाई 2026 गुरुवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। गुरुवार का दिन साक्षात जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु और देवगुरु बृहस्पति की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन श्री हरि विष्णु को पीले पुष्प अर्पित करना तथा विष्णु सहस्त्रनाम या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान विष्णु को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गुरु मंत्र का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता लक्ष्मी को पीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर या पीले चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में पीले वस्त्र या चने की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। नारायण कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। गुरुदेव के नाम का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मीपति विष्णु जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को केला या चना खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी विष्णु मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

गुरुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर पूर्व की दिशा में साफ जल भरकर उसमें हल्दी मिलाकर रखने या पीतल के पात्र में जल स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात देवगुरु की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# लाखों श्रद्धालुओं को दिखाए श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के ऐतिहासिक साक्ष्य

## मुडिया मेला के दौरान परिक्रमा मार्ग पर लगाई साक्ष्यों की प्रदर्शनी



- लाखों श्रद्धालुओं तक पहुंचा श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का संदेश : महेंद्र प्रताप सिंह
- गोवर्धन राधाकुंड और वृंदावन के साधु संतों ने किया उद्घाटन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

मुडिया पूर्णिमा मेले में गिरिराज महाराज की परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालुओं के बीच मंगलवार को राधाकुंड स्थित श्री गुरु कार्ष्णि बृजनन्द उदासीन आश्रम (बागड़ी की प्याऊ, राधाकुंड, गोवर्धन) में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मंदिर के इतिहास, उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण से संबंधित तथ्यों को प्रदर्शित किया गया। दिनभर में लाखों परिक्रमार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मेले में पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं तक जनजागरण अभियान का संदेश पहुंचाया गया।

प्रदर्शनी का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में किया गया। आश्रम के संस्थापक स्वामी श्री रविन्द्रानंद जी महाराज ने पंपलेट वितरण कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद जी महाराज एवं संत श्यामानंद जी महाराज भी मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं को प्रदर्शनी के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के इतिहास, मंदिर विध्वंस से जुड़े संदर्भों तथा न्यायालय में विचाराधीन वाद की जानकारी विस्तार से दी गई। स्वामी श्री रविन्द्रानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का इतिहास प्रत्येक सनातनी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री विभिन्न ऐतिहासिक पुस्तकों और प्रमाणिक स्रोतों से संकलित की गई है।

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि मुडिया पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर रहे हैं। ऐसे समय में आयोजित यह प्रदर्शनी जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने आह्वान किया।

कार्यक्रम में आश्रम के भक्त सुनील सिंह, निर्मला सिंह, सोनिया, सुनीता, शिखा सिंह, शिवम कुमार, विशाल सिंह, कान्हा, रवि कुमार, मोनू चौधरी, दिलीप चौधरी, तथा धर्म सिंह का सहयोग रहा। मुडिया पूर्णिमा मेले की आस्था और श्रद्धा के बीच आयोजित यह प्रदर्शनी दिनभर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## जयगुरुदेव मंदिर पर तीन दिवसीय सत्संग मेला 28 से

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। जयगुरुदेव गुरु पूर्णिमा सत्संग मेला गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 28 से 29 जुलाई तक तीन दिवसीय जयगुरुदेव आश्रम पर आयोजित हो रहा है। सत्संग मेला की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह मनुष्य शरीर ईश्वर का बनाया हुआ हरि मन्दिर है, इसमें मांस, शराब, अण्डों आदि का सेवन नहीं करना चाहिए, ईश्वर सख्त सजा देगा। सभी लोगों को सद्गुरु की खोज करनी चाहिए। प्रतिदिन प्रातः और सायंकाल पांच बजे उपदेशकों का सत्संग होगा। सत्संग के पूर्व प्रार्थना और साधना का अभ्यास का कार्यक्रम होगा। सत्संग गोष्ठियां होगी। संस्थाध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज का सत्संग व नामदान 29 को प्रातः 05:00 बजे से होगा। विभिन्न प्रान्तों और जिलों के भण्डारे (लंगर) चल रहें हैं। श्रद्धालुओं के आवास, बिजली, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था हो चुकी है। पूरे मेला परिसर को 31 सेक्टरों में बांटा गया है। श्रद्धालु के आने का क्रम जारी हो चुका है।

# गुरु के प्रति आभार प्रदर्शित करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा: देवकीनंदन महाराज

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में नए शिष्यों ने ली दीक्षा, नशामुक्त जीवन का लिया संकल्प





टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

"गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने का अवसर देता है । गुरु हमारी आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर ईश्वर से जोड़ने का कार्य करते हैं। अध्यात्म इस लोक से परलोक तक की यात्रा का माध्यम है ।"

उक्त विचार देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में व्यक्त किए। मंगलवार को छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकांत जु मंदिर पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का प्रारंभ हो गया। प्रथम दिवस पर देवकीनंदन महाराज ने शिष्यों को आशीर्वचन देते हुए गुरु दीक्षा और गुरुपूर्णिमा पर्व का महत्व बताया । उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे सांसारिक जीवन को उन्नत करती है और दीक्षा आध्यात्मिक जीवन की राह पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया है । समर्थ गुरु से दीक्षा प्राप्त कर प्राणी अपनी आध्यात्मिक यात्रा से परलोक को सुधारता है । कहा कि गुरु के वचनों में बंधकर शिष्य अपने सांसारिक जीवन के संशयों से मुक्त हो जाता है । इससे पूर्व शांति सेवा सभागृह में प्रातः बड़ी संख्या में देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने देवकीनंदन महाराज से दीक्षा प्राप्त कर, नशा और सभी व्यसन छोड़कर सात्विक जीवन जीने का संकल्प लिया । विश्व शांति सेवा चेरिटेबल सचिव विजय शर्मा ने बताया कि बुधवार को हजारों शिष्यगण गुरु चरण पूजन कर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाएंगे ।

# बिना पैमाइश मंदिर तोड़ दिया, लगाया आरोप

## ग्रामीणों ने एसडीएम मांट से की जांच की मांग



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मांट क्षेत्र में एक मंदिर को बिना पैमाइश और सक्षम अधिकारी के आदेश के तोड़े जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए एसडीएम मांट को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में मंदिर ध्वस्तीकरण के साथ महिलाओं से अभद्रता और मारपीट का भी आरोप लगाया गया है। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना मांट क्षेत्र के गांव मांट राजा निवासी शिव नारायण पुत्र जमुनादास ने उपजिलाधिकारी मांट को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि मांट राजा बांगर स्थित खसरा संख्या-410 में कॉलोनी वासियों ने आपसी सहयोग और चंदा एकत्र कर मंदिर का निर्माण कराया था।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने स्वयं मंदिर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई थी। आरोप है कि संबंधित हल्का लेखपाल नरेंद्र मधुर ने पुलिस की मौजूदगी में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश और विधिक प्रक्रिया का पालन किए मंदिर को ध्वस्त करा दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गांव के कुछ लोगों की मिलीभगत से मंदिर को तुड़वाया गया और विरोध करने पर महिलाओं के साथ अभद्रता एवं मारपीट की गई। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर तोड़े जाने से क्षेत्र के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और पूरे गांव में रोष का माहौल है।

# गुरुपूर्णिमा आज, मुड़िया मेला का आकर्षण चरम पर

## मुड़िया संतों की निकलेगी शोभायात्रा, 470 वर्षों से निभाई जा रही है परंपरा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मुड़िया मेला गुरु शिष्य परंपरा का दुनियाभर में अनूठा उत्सव है। शायद ही गुरू शिष्य परंपरा को समर्पित इतना विशाल आयोजन दुनिया में कहीं देखने को मिलता हो। गुरु पूर्णिमा के दिन सबसे ज्यादा भीड़ रहती गोवर्धन पर्वत की तलहटी में सात कोसी परिक्रमा मार्ग है। समूचे ब्रज में यह पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। इसी दिन का विशेष महत्व यह भी है कि शिष्य गुरु से गुरु दीक्षा ग्रहण करते हैं। गुरू पूर्णिमा के दिन मठ, आश्रमों में गुरु गद्दी पर बैठेंगे और शिष्यों को गुरु दक्षिणा देंगे। ब्रज में इस समय जगह जगह भागवत कथा चल रही है। भागवताचार्यों के अनुयायी बहुतायत में हैं। गोवर्धन में यह मुड़िया मेला के नाम से प्रसिद्ध है। लम्बे समय से प्रशासन यह मानकर चल रहा है कि पांच दिवसीय मुड़िया मेला में एक करोड से अधिक श्रद्धालु गोवर्धन पहुंचते हैं और परिक्रमा करते हैं। हालांकि श्रद्धालुओं की गणना के लिए किसी सटीक वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग नहीं हुआ है। मुड़िया पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। अब से 470 साल पहले सनातन गोस्वामी के गोलोक गमन में प्रवेश करने पर उनके अनुयाई शिष्यों ने सिर मुढाकर परिक्रमा लगाई थी। तभी से मुड़िया पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। मुड़िया मेला 23 जुलाई से शुरू हो गया है और 30 जुलाई तक चलेगा। मुड़िया शौभा यात्रा की तैयारियां पूरी हो गई हैं। 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा है, इसी दिन गोवर्धन में मुडिया संतों की शोभायात्रा निकलती है जो इस आयोजना का मुख्य आकर्षण है। इस बार 470 वीं मुड़िया शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## छात्रवृत्ति के लिए सारणी निर्गत की गई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा-9-10) दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) के विद्यालयों को मास्टर डाटा में सम्मिलित होने एवं छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने से लेकर छात्रवृत्ति भुगतान तक की समस्त कार्यवाही किये जाने हेतु समय सारणी निर्गत की गयी है। निर्गत समय-सारणी के अनुसार मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन करने एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करने, जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करने (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटाबेस में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर अपलोड 22 जुलाई से पांच अगस्त तक किया जायेगा तथा छात्रों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के लिये 11 अगस्त से 25 अगस्त तक तिथि निर्धारित की गयी है।

## मकान की पहली मंजिल पर मिला महिला का शव

टीएनएफ टुडे, चौमुहां। ग्राम बाटी में मंगलवार को एक घर की पहली मंजिल पर महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतका की पहचान ग्राम बाटी के जाटव मोहल्ला निवासी विजय (उम्र लगभग 40 वर्ष, पत्नी राजपाल) के रूप में हुई है। दोपहर के समय जब परिजनों और पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई, तो उन्होंने कमरे के अंदर जाकर देखा, जहाँ विजय मृत अवस्था में पाई गईं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) सदर वरुण मिश्रा और थाना प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। शुरूआती जांच में यह मामला पेचीदा नजर आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, घर के प्रवेश द्वार को लेकर कुछ संशय है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। कमरे की स्थिति और प्रवेश के रास्तों को देखते हुए पुलिस विभिन्न संभावित बिंदुओं पर बारीकी से विचार कर रही है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए जिले की फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। डॉग स्क्वायड की मदद से भी आसपास के क्षेत्र की जांच की गई, ताकि घटना से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकें। मृतका का पति फरीदाबाद में एक निजी नौकरी करता है और उनके बेटे भी काम के सिलसिले में शहर से बाहर रहते हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी।

## एनएच 19 पर भीषण हादसा, चार वाहन भिड़े, कंटेनरों में फंसे चालक-परिचालक, चार गंभीर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। मंगलवार तड़के दिल्ली से आगरा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे ईंटों से भरे ट्राले में टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के दौरान जब कई वाहन खड़े थे, तभी पीछे से आ रहा एक तेज रफ्तार कंटेनर पहले से खड़े ट्रक में जा घुसा। इसके ठीक पीछे आ रहा दूसरा कंटेनर भी अनियंत्रित होकर आगे वाले कंटेनर में पीछे से जोरदार गति से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कंटेनरों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों कंटेनरों में फंसे चालकों और परिचालकों को बाहर निकाला। सभी घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# ब्रज रज बहुत पवित्र है, इस पर गंदगी न फैलाएं: हेमा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

"राधे-राधे!

हमारे प्यारे नन्हें कान्हा ने जिस ब्रज में, वृंदावन-मथुरा में ढेरों मनोहारी लीलाएं कीं, राधा-कृष्ण के उस परम पवित्र निज धाम को जन-सहयोग से स्वच्छ करने का एक पावन अभियान 'ब्रज तीर्थ विकास परिषद' एवं मथुरा जिला प्रशासन द्वारा आरंभ किया गया है। समस्त ब्रजवासियों और देश-विदेश के जो करोड़ों कृष्ण भक्त ब्रज में आते हैं, उनसे मेरी विनती है कि सारे ब्रज में—मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना—कहीं भी ना कोई गंदगी करें, ना कचरा फैलाएं और ना किसी को गंदगी करने दें। वह ब्रज रज, जो ब्रजराज श्रीकृष्ण और राधा जी के चरणों के स्पर्श से इतनी पवित्र हुई थी, उसकी पवित्रता बनाए रखना न सिर्फ हमारा पुनीत कर्तव्य है, बल्कि हमारे द्वारा अर्पित सबसे श्रेष्ठ पूजा भी होगी।"

# पात्र दिव्यांग छात्राओं को समयबद्ध रूप से ई-ट्राईसाइकिल योजना का लाभ दिलाएं : डीएम अरविंद सिंह

## शिक्षण संस्थान पात्र दिव्यांग छात्राओं का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी*

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित ई-ट्राईसाइकिल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद के प्रभारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक तथा प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सहित सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अधीन अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्राओं का विवरण निर्धारित प्रारूप पर शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र छात्राओं को शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 16 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की ऐसी दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी, जो किसी विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी अथवा प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत अथवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हों। योजना का उद्देश्य दिव्यांग छात्राओं के आवागमन को सरल, सुरक्षित एवं सुगम बनाकर उन्हें शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण से प्रभावी रूप से जोड़ना है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफीलिया सहित अन्य पात्र दिव्यांगता से प्रभावित ऐसी छात्राएं आवेदन कर सकेंगी, जो शारीरिक रूप से ई-ट्राईसाइकिल संचालित करने में सक्षम हों। आवेदिका के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी यूडीआईडी (दिव्यांगता प्रमाण-पत्र) होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदिका अथवा उसके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। जिन छात्राओं को पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी स्रोत से ई-ट्राईसाइकिल प्राप्त हो चुकी है, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र छात्रा के आवेदन के साथ दिव्यांगता प्रदर्शित फोटो, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा संबंधित शिक्षण संस्थान का अध्ययनरत प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न कराया जाए, ताकि पात्रता का परीक्षण समयबद्ध ढंग से किया जा सके।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि पात्र दिव्यांग छात्राओं का विवरण निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पंचायत परिसर, एटा में निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## एसएसपी ने 40 निरीक्षक उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। जनपद में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पुलिस महकमे में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस क्रम में 40 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण करते हुए उन्हें नई तैनाती सौंपी गई है। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी सूची के अनुसार संबंधित पुलिसकर्मियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थानों, चौकियों एवं शाखाओं में स्थानांतरित एवं नियुक्त किया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार द्वारा किए गए इस तबादला आदेश को सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल के दिनों में विभिन्न आयोजनों, त्योहारों तथा बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए पुलिस बल की प्रभावी तैनाती को प्राथमिकता दी जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आवश्यकतानुसार आगे भी प्रशासनिक स्तर पर ऐसे निर्णय लिए जाते रहेंगे।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

## हाथरस-कासगंज (मथुरा-बरेली) राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ हाथरस-कासगंज (मथुरा-बरेली) राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने हाथरस बाईपास (रुहेरी कट) से कासगंज जनपद की सीमा तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सलेमपुर, रती का नगला, पंत चौराहा, सिकंदराराऊ बाईपास, फायर स्टेशन सिकंदराराऊ, अगसौली सहित प्रमुख स्थलों, प्रस्तावित शिविर स्थलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को जहां आवश्यक हो वहां रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मार्ग पर क्षतिग्रस्त अथवा मरम्मत योग्य स्थानों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल ठीक कराने के भी निर्देश दिए, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पृथक लेन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही सुरक्षित एवं सुगम बनी रहे तथा सामान्य यातायात भी बाधित न हो। उन्होंने पंत चौराहा, सिकंदराराऊ बाईपास एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने तथा पंत चौराहा एवं कांवड़ मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि स्थापित किए जाने वाले सभी शिविरों में शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रत्येक शिविर में पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डस्टबिन, चिकित्सा सुविधा, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत पोलों को आवश्यकतानुसार पॉलिथीन से कवर कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा प्रत्येक व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत, एनएचएआई के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# करहल में जाम की समस्या बनी नासूर, लोगों ने डीएम से लगाई समाधान की गुहार

ऋषीकान्त दुबे।


अनुज यादव


एड अखिलेश यादव आशू


गौरव यादव


राहुल कुमार


मुकेश सोलंकी

**करहल।** नगर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या से आमजन का जीना मुश्किल हो गया है। विशेषकर स्कूलों की छुट्टी के समय किशनी चौराहा, तहसील तिराहा, मुख्य बाजार और सब्जी मंडी के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोगों का कहना है कि कई बार एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है।

नगरवासियों ने जिलाधिकारी से करहल को जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि सब्जी मंडी को सड़क से हटाकर निर्धारित परिसर के अंदर संचालित कराया जाए और भारी वाहनों के लिए किशनी चौराहा एवं तहसील तिराहे पर नो-एंट्री लागू की जाए, तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है।

व्यापारी कवि मुकेश सोलंकी ने बताया कि "हर रोज दुकान तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे सब्जी मंडी लगने से रास्ता संकरा हो जाता है। प्रशासन को मंडी अंदर शिफ्ट करानी चाहिए।"

एड अखिलेश यादव आशू ने बताया है कि "स्कूल की छुट्टी के समय बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं। दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए।"

किसान नेता अनुज यादव ने बताया है कि "बाजार आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। कई बार पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। जाम से छुटकारा दिलाने के लिए स्थायी व्यवस्था जरूरी है।"

सक्रिय कार्यकर्ता गौरब यादव ने बताया है कि "अगर किशनी चौराहे और तहसील तिराहे पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू हो जाए तो काफी राहत मिलेगी। ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती भी होनी चाहिए।"

समाजसेवी राहुल कुमार का कहना है कि"करहल की आबादी और वाहनों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था पहले जैसी ही है। प्रशासन को सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान निकालना चाहिए।"

नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है। लोगों ने जिलाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप कर करहल को जाम की समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

## ग्राम पंचायत सचिवालय नगला मांझ में चोरी, लाखों रुपये के सरकारी सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

**करहल।** करहल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगला मांझ स्थित ग्राम सचिवालय में अज्ञात चोरों ने देर रात धावा बोलकर सरकारी सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर मिली, जिससे ग्राम पंचायत प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया गया कि ग्राम सचिवालय में रखे सीपीयू, सीसीटीवी कैमरा सेट, एलसीडी, म्यूजिक बॉक्स, माइक, दवा छिड़कने वाली मशीन, दो बैटरी, इनवर्टर सहित अन्य सरकारी सामान चोरी हो गया। बताया जा रहा है कि यह सामान जिलाधिकारी के अनुमोदन पर ग्राम सचिवालय के लिए उपलब्ध कराया गया था।
सुबह जब पंचायत सहायक शिवानी सचिवालय पहुंचीं तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे पड़े मिले और अंदर रखा सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने तत्काल यूपी-112 और करहल पुलिस को सूचना दी।
घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान रीता देवी, पत्नी प्रह्लाद शाक्य, करहल थाने पहुंचीं और मामले की लिखित सूचना देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। ग्राम प्रधान ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा चोरी हुए सरकारी सामान की बरामदगी की मांग की है।

# मिसाईल मैन ने वैज्ञानिक जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया: डॉ जेपी यादव

### करहल सन्त विवेकानंद स्कूल में मनाई गई मिसाइल मैन की पुण्यतिथि

टीएनएफ टुडे, करहल।

संत विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स, करहल में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित संत विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स, करहल के समस्त विद्यालयों में भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ. कलाम के वैज्ञानिक जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को समर्पित मॉडल, चार्ट एवं पोस्टर बनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में कक्षा 5-सी के छात्र हार्दिक कुमार ने मिसाइल का आकर्षक मॉडल तैयार किया। वहीं कक्षा 8 के छात्र स्वास्तिक ने कार्यशील मिसाइल मॉडल बनाकर उसका सफल परीक्षण किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कक्षा 8 के छात्र उत्कर्ष ने भी मिसाइल का उत्कृष्ट मॉडल तैयार कर उसका सफल प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मक प्रतिभा ने सभी को प्रभावित किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. जे.पी. यादव ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक साधारण परिवार में हुआ था। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बचपन में समाचार पत्र बेचकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा दृढ़ संकल्प के बल पर भारत के महान वैज्ञानिक बने। उन्होंने भारत के मिसाइल एवं अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, जिसके कारण उन्हें "मिसाइल मैन ऑफ इंडिया" के नाम से विश्वभर में पहचान मिली। वर्ष 2002 से 2007 तक वे भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे। देश के प्रति उनके असाधारण योगदान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों तथा राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय सेवाओं के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1997 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित किया।

उन्होंने आगे कहा कि 27 जुलाई 2015 को भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलांग में विद्यार्थियों को संबोधित करते समय उन्हें हृदयाघात हुआ, जिससे उनका निधन हो गया। वे जीवन की अंतिम सांस तक युवाओं को शिक्षा, विज्ञान और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते रहे। उनका प्रेरणादायी संदेश, "सपना वह नहीं है जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है जो आपको सोने न दे।" आज भी करोड़ों युवाओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक सरिता सिंह, प्रधानाचार्य चंद्रजीत सिंह, सोहित कुमार, अखिलेश कुमार, विजेंद्र कुमार, सुधीर, विजय ,हरिशर , अनूप, सचिन कश्यप, नजमा सैयद, सोनी, मनीषा, निसार, कुसुम, उज्जैन, विश्वनाथ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



## पति की मौत के बाद विधवा की जमीन पर कब्जे का आरोप, एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**करहल।** करहल तहसील क्षेत्र के गांव गोकुलपुर की रहने वाली विधवा महिला कुसमा देवी ने अपनी जमीन पर कब्जा करने और खेती न करने देने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि करीब एक माह पूर्व उसके पति का निधन हो गया था, जिसके बाद कुछ दबंग उसकी कृषि भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। कुसमा देवी का आरोप है कि आरोपी न केवल उन्हें खेत पर जाने से रोक रहे हैं, बल्कि लगातार धमकियां भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खेती नहीं करने दी जा रही है और पैतृक संपत्ति में उनका हिस्सा भी नहीं दिया जा रहा है। इससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।
पीड़िता ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने, सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि पति की मृत्यु के बाद वह पूरी तरह असहाय हैं और प्रशासन से न्याय की उम्मीद लेकर पहुंची हैं। उपजिलाधिकारी कार्यालय ने शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब पीड़ित महिला को प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

## धान की पौध में दवा डालकर नष्ट करने का आरोप, एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**करहल।** तहसील क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर में धान की फसल को लेकर पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी प्रहलाद ने अपने सगे भाई और उसकी पत्नी पर धान की पौध में दवा डालकर उसे नष्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) करहल को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और न्याय की मांग की है।



प्रहलाद के अनुसार खेत में करीब 25 दिन पहले धान की पौध तैयार की गई थी। आरोप है कि उसके सगे भाई और भाई की पत्नी ने जानबूझकर पौध में ऐसी दवा डाल दी, जिससे पूरी पौध खराब हो गई। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी ने दोनों को खेत में दवा डालते हुए देख लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धमकी दी और मौके से चले गए। पीड़ित का आरोप है कि इस घटना से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है और अब धान की दोबारा पौध तैयार करनी पड़ेगी। उसने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रहलाद ने पूरे मामले की जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं प्रशासन द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल मामला जांच के अधीन है।

## रहस्यमयी ढंग से लापता युवक का तीन माह बाद भी नहीं लगा सुराग, भाई ने कराई गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग

**करहल।** करहल थाना क्षेत्र में एक युवक के रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। तीन माह बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। परेशान परिजनों ने अब पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश तेज करने की मांग की है।



करहल के बाग वृंदावन निवासी आकाश ने करहल थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका 24 वर्षीय भाई अजीत करीब तीन माह पहले घर से कहीं चला गया था। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लंबे समय तक तलाश के बावजूद कोई सफलता न मिलने पर परिवार ने पुलिस की शरण ली है। पीड़ित आकाश ने पुलिस से भाई की गुमशुदगी दर्ज कर जल्द से जल्द उसकी तलाश कराने की गुहार लगाई है। युवक के अचानक लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है और किसी अनहोनी की आशंका भी जता रहा है। करहल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। परिवार को भी किसी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया है।

# विवाहिता की हत्या का आरोप, पति समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने पति और नन्द के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के भाई ने पति और सास पर दहेज उत्पीड़न तथा हत्या का आरोप लगाया है।



एफआईआर के अनुसार, कुर्रा थाना क्षेत्र के नगला झाल निवासी वादी सुनील पुत्र बलराम सिंह ने बताया कि उसकी बहन नीतू का विवाह वर्ष 2012 में करहल थाना क्षेत्र के नगला देवजीत निवासी संजेश पुत्र चेतराम सिंह के साथ हुआ था। दंपति के एक पुत्र है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाह के बाद से ही पति संजेश लगातार नीतू के साथ मारपीट करता था। कई बार पंचायत और समाज के लोगों द्वारा समझौता भी कराया गया, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वाले नीतू के साथ प्रताड़ना करते रहे।

एफआईआर के मुताबिक, 25/26 जुलाई 2026 की रात पति संजेश और उसकी मां रेखा यादव ने मिलकर नीतू की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई।

करहल थाना पुलिस ने भाई सुनील की तहरीर के आधार पर आरोपी संजेश और रेखा यादव के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार पांडेय को सौंपी गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, साक्ष्यों और विवेचना के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 30 जुलाई से शिवमय होगा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, सावन भर चलेंगे धार्मिक अनुष्ठान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

**अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन से होगा शुभारंभ, अंतिम सोमवार को सजेगी बाबा अमरनाथ की बफानी गुफा**

सावन मास में नगला बरी स्थित नर्मदेश्वर प्राचीन महादेव मंदिर श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनेगा। 30 जुलाई से 28 अगस्त तक मंदिर परिसर में एक माह तक धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी। प्रतिदिन व्रत कथा, संकीर्तन, भजन-कीर्तन और सत्संग के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाएगी। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 30 जुलाई (गुरुवार) शाम पांच बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन से होगा। इसके साथ ही पूरे सावन मास तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत शुभारंभ होगा।

सावन के चारों सोमवार–3, 10, 17 और 24 अगस्त को भगवान शिव का विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालु तीन सोमवार व्रत रखकर भगवान शिव को समर्पित कांवड़ यात्रा भी करेंगे।

आयोजन का मुख्य आकर्षण सावन के अंतिम एवं चौथे सोमवार 24 अगस्त को रहेगा। इस दिन मंदिर परिसर में बाबा अमरनाथ की बफानी गुफा का विशेष एवं आकर्षक स्वरूप तैयार किया जाएगा। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। समिति में ऐसे श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों को शामिल किया जाएगा जो तन, मन और धन से सहयोग देकर धर्म सेवा में सहभागी बनना चाहते हैं।

आयोजन समिति के प्रमुख व्यवस्थापक भानु उपाध्याय एवं श्रीमती वंदना उपाध्याय ने क्षेत्रवासियों और सनातन समाज से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

## पीपल नगर में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे समाजसेवी रोहित कुमार शंखवार, आचार्य व संतों का किया सम्मान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

वार्ड संख्या 12 स्थित पीपल नगर में सोमवार को आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वरिष्ठ समाजसेवी रोहित कुमार शंखवार ने पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य का पुष्पमाला एवं पटका पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित संत-महात्माओं का भी सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहित कुमार शंखवार ने कहा कि समाज में आचार्यों द्वारा दिया जाने वाला आध्यात्मिक एवं नैतिक ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, महाभारत के आदर्शों तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही उनका उद्देश्य है और वे सदैव गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित एक सम्मेलन में उन्होंने जरूरतमंद बहनों के कन्यादान में सहयोग किया था। साथ ही कहा कि जहां भी किसी जरूरतमंद को उनकी आवश्यकता होगी, वे हर संभव सहायता के लिए उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने रोहित कुमार शंखवार का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार शंखवार, आलोक कुमार, अमन कुमार, विवेक कुमार, मोहन कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर सेंट डोमिनिक्स के विद्यार्थियों द्वारा किया पौधारोपण

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

मंगलवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर हाइवे स्थित सेंट डोमिनिक्स अकादमी के प्रधानाचार्य फादर नोबी के मार्गदर्शन, विद्यालय प्रबंधन के नेतृत्व एवं नेचर क्लब के तत्वावधान में राजनारायण माहेश्वरी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेचर क्लब के विद्यार्थियों ने अस्पताल परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया तथा ह्व सेव ट्री, सेव अर्थ ह्व का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित लघु नाटक एवं समूहगान की प्रस्तुति देकर वृक्षों और प्रकृति संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।




इस दौरान बताया गया कि विद्यालय का नेचर क्लब समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा-भाव विकसित करने का कार्य करता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चंद्र केशव, अस्पताल प्रबंधक डॉ शाने आलम, विद्यालय के शिक्षक संजू जॉन, थॉमस, शिक्षिका धन्या एवं स्टेफी, नेचर क्लब की प्रेसिडेंट आराध्या यादव (कक्षा 9बी), सेक्रेटरी अंबर यादव (कक्षा 9डी) के अलावा चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ संजय कुमार सिंह, आईसीएन मर्लिन थॉमस, कीर्ति गुप्ता फार्मासिस्ट, बृजेश चंद्र, रविन्द्र द्विवेदी, उमेशपति राव तथा नेचर क्लब के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

# फिरोजाबादः खाद्य विभाग की आटा मिलों पर सघन छापेमारी, तीन नमूने लिए, दो मिलों का उत्पादन रोका

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की टीम ने जनपद की आटा मिलों पर सघन निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर आटे में पत्थर का चूरा/सेलखड़ी मिलाए जाने संबंधी वायरल वीडियो के बाद यह कार्रवाई की जा रही है।



सहायक आयुक्त खाद्य चंदन पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को टूण्डला क्षेत्र की तीन आटा मिलों का औचक निरीक्षण किया और कुल तीन आटे के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए।

निरीक्षण के दौरान राजुल फ्लोर मिल में साफ-सफाई, कच्चे एवं तैयार माल के रखरखाव, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र तथा स्टॉक रजिस्टर में अनियमितताएं मिलीं। टीम ने आटे का नमूना लेकर सुधार नोटिस जारी किया तथा कमियां दूर होने तक आटा उत्पादन पर रोक लगा दी।

इसी प्रकार अग्रवाल आटा चक्की से भी आटे का एक नमूना लिया गया। यहां भी कमियां मिलने पर सुधार नोटिस जारी करते हुए उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया।

वहीं गढ़ी असरा, टूण्डला स्थित देवेन्द्र आटा मिल का निरीक्षण कर आटे का एक नमूना लिया गया तथा संचालक को सुधार नोटिस जारी किया गया।

### कांवड़ मार्ग पर भी खाद्य विभाग की सख्त निगरानी

जिलाधिकारी के निर्देश पर टूण्डला, सदर और शिकोहाबाद क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों की भी लगातार जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी तिथि, खाद्य सामग्री का सुरक्षित रखरखाव, शुद्ध पेयजल, डस्टबिन का उपयोग, खाद्य कारोबारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा रेट लिस्ट का प्रदर्शन आदि की विशेष रूप से जांच की जा रही है।

### श्रद्धालुओं से अपील

खाद्य विभाग ने कांवड़ यात्रियों से अपील की है कि लगातार पैदल चलने और अत्यधिक थकान की स्थिति में तुरंत भारी भोजन न करें। पहले कुछ देर विश्राम करें, उसके बाद ही भोजन या प्रसाद ग्रहण करें, ताकि उल्टी, अपच अथवा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।

सहायक आयुक्त चंदन पाण्डेय ने बताया कि जनपद की सभी 18 आटा मिलों का चरणबद्ध निरीक्षण किया जाएगा। यदि निर्धारित समय में कमियां दूर नहीं की गईं तो संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित करने एवं उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

## संस्था ने गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर किया पौधा रोपित

**शिकोहाबाद।** गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर फरुर्खाबाद के पांचाल घाट स्थिति श्रीशिवा सुन्दरकाण्ड सेवा समिति के तत्वाधान मे विवेकानंद वाटिका में औषधीय और फलादार पौधा रोपित कर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी रामादास रहे। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुये उन्होंने कहा कि पर्यावरण का सन्तुलन बनाये रखने में पेड पौधे अमूल्य निधि है। प्रमोद कुमार तिवारी एडवोकेट ने कहा कि हम सभी लोगों को समय समय पर पौधे रोपित करते रहना चाहिए। स्वामी रामदास निमोर्ही ने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपित करना चाहिये।

# लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री से की भेंट

## औद्योगिक समस्याएं बताकर समाधान कराए जाने की मांग

- प्रभारी मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को किया आश्वस्त

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



जिले के प्रभारी मंत्री से ब्रज संभाग के लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की जनपद के उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

ब्रज संभाग के महा मंत्री अमलेन्दु के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम जनपद कासगंज के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सहावर तहसील के ग्राम बड़ा गांव कोटरा के निकट प्रस्तावित औद्योगिक आस्थान को शासन स्तर पर शीघ्र अंतिम स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया, जिससे क्षेत्र में नए उद्योग स्थापित हों तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सृजित हो सकें। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि उद्यम पंजीकरण एवं संशोधन की प्रक्रिया को आधार एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से संचालित कर इसे और अधिक सरल, सुगम एवं विश्वसनीय बनाया जाए, जिससे उद्यमियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि पॉल्यूशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए, ताकि व्यापारी एवं उद्यमी बिना अनावश्यक जटिलताओं के आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर सकें।

प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि इन सुझावों एवं समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी रूप से रखा जाएगा।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती कासगंज के अध्यक्ष अरुण माहेश्वरी, महामंत्री नवीन अग्रवाल, संरक्षक श्री गौरीशंकर शर्मा,ब्रज संभाग के महामंत्री अमलेन्द्र शर्मा, अनूप गुप्ता, वैभव बिड़ला, दीपक गोयल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**अलीगढ़।** गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ रक्षकों को कानूनी संरक्षण देने और गौ तस्करी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को गौ रक्षक दल ने अलीगढ़ में पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

गौ रक्षक दल अलीगढ़ के संस्थापक सचिन राघव ने बताया कि संगठन लंबे समय से गौ संरक्षण और गौवंश की सुरक्षा के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठा रहा है। पहला चरण 27 अप्रैल को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पूरा किया गया था, जबकि सोमवार को दूसरा चरण संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि संत समाज के मार्गदर्शन में तीसरे और चौथे चरण का भी आयोजन किया जाएगा।

संगठन ने ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौ रक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और गौ तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानून लागू करने की मांग की। सचिन राघव ने कहा कि गौमाता का देश की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में विशेष महत्व है, इसलिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए।

# शिविर, मेडिकल स्टाफ की निगरानी होगी कॉल सेंटर के माध्यम से

- कॉल सेंटर स्वास्थ्य टीमों और चिकित्सा शिविरों की व्यवस्थाओं की निगरानी करेगा।
- अधिकारियों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सादाबाद।

श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शिवभक्तों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सादाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। सोमवार को सादाबाद सीएचसी के सभागार में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दानवीर सिंह ने की।

डॉ. दानवीर सिंह ने बैठक में शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए श्रावण मास के चारों सोमवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले चिकित्सा शिविरों में स्वास्थ्य टीमों को तैनात किया जाएगा। ये टीमें शिवभक्तों को किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगी। स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर समन्वय के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कॉल सेंटर स्थापित किया गया है।

यह कॉल सेंटर स्वास्थ्य टीमों और चिकित्सा शिविरों की व्यवस्थाओं की निगरानी करेगा। इसके अतिरिक्त, आरबीएसके टीम को प्रतिदिन विभिन्न चिकित्सा शिविरों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच तत्काल संपर्क स्थापित कर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात सभी मेडिकल ऑफिसरों को भी कांवड़ यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले चिकित्सा शिविरों की निगरानी के लिए ड्यूटी पर लगाया गया है। स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को समय पर प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाएं और अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

अधिकारियों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कांवड़ियों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके।

# रौद्र रुप के ले सकती है पतित पाबनी मां गंगा

- बैराजों से पानी का डिस्चार्ज बढ़ने से गंगा नदी के जल में हुई बढोत्तरी
- सिंचाई विभाग चौकन्ना, बाढ़ चौकियों का सतर्कता बरतने की दी गई हिदायत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

पहाड़ों पर हो रही बारिश और बैराजों से गंगा नदी में किया जा रहा पानी का डिस्चार्ज गंगा के जल स्तर को बढ़ा रहा है कछला गंगा नदी पर बढ़ता जल स्तर वार्निंग लेवल को पार के खतरे के निशान की ओर बढ़ चुका है सोमवार को कछला गंगा नदी पर पानी का गेज 161.88सेंटी मीटर रिकार्ड किया गया है। सिंचाई विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय रहने, अवर अभियंताओं को भी सार्थकता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

भले ही गंगा नदी भी खतरे के निशान से बड़ी दूरी बनाए हुए है, लेकिन बैराजों से निरंतर हो रहे पानी का डिस्चार्ज से गंगा कभी भी रौद्र रुप ले सकती है। हालत को देखते हुए सिंचाई विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। क्योंकि गत वर्षों में गंगा की रौद्रता की चपेट में आकर तट वतीय ग्रामों के किसान और ग्रामीणों को फसलीय एवं पशुधन का नुकसान झेलना पड़ा है। कृषि तो हर वर्ष ही गंगा के बढ़ते पानी के कोप का भाजन बनती रही है। हर वर्ष सिंचाई विभाग बाढ़ से निपटने के लिए प्रबंध करता है लेकिन वह न काफी रहते हैं और तट वर्तीय ग्रामों किसान नुकसान झेलते हैं। गंगा इसी तरह बड़ी तो इस बात से इनकार नही किया जा सकता कि गंगा किनारे के गांव की फसली भूमि में गंगा का पानी घुसकर फसल को तबाह कर सकता है। जिला प्रशासन भी गंगा के जल स्तर पर निरंतर निगाह बनाए हुए है डीएम ने लेखपालों को भी गंगा के घटते बढ़ते जल स्तर की निगरानी करते रहने को कहा है।

### गंगा नदी में बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार बैराज:, 60303क्यूसेक

बिजनौर बैराज: 41144क्यूसेक

नौरोरा बैराज: 46443क्यूसेक

### कछला ब्रिज पर पानी का गेज

सोमवार को जिले की सीमा पर जिला बदायूं में वह रही गंगा नदी में मंगलवार को पानी का गेज 161.88मीटर रिकार्ड किया गया हैं। कछला पर खतरे का निशान, 162 .400मीटर है।

किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर उनकी सुरक्षित करले, इसमें लापरवाही न की जाए ।

प्रणय सिंह डीएम

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर किया जागरूक



- जिला चिकित्सालय मथुरा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय, मथुरा में वायरल हेपेटाइटिस के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, एआरटीसी, डॉ. सिद्धार्थ धनगर, डॉ. एस.पी. शर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ) सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने वायरल हेपेटाइटिस के प्रकार, इसके संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, समय पर जांच, हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण तथा उपलब्ध उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार अपनाएं, समय पर जांच कराएं तथा हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक बनें। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हेपेटाइटिस मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जागरूकता फैलाने तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को जन-जागरूकता अभियान को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने के संदेश के साथ किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल विभाग में प्रशिक्षक बनने का सुनहरा अवसर

**एटा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित खेल छात्रावासों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनकी खेल प्रतिभा को और अधिक निखारने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शासन के निर्णय के अनुसार अब खेल विभाग के अंतर्गत संचालित आवासीय खेल छात्रावासों में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं देंगे, जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार होगा और वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी अरविन्द यादव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 40 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल विभाग में 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। चयनित प्रशिक्षकों को प्रदेश के 34 आवासीय खेल छात्रावासों में विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# निर्दोष पति को छुड़ाने को पत्नी ने दी मानवाधिकार आयोग में दस्तक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जनपद एटा के थाना जलेसर क्षेत्र के ग्राम विजय निवासी हीरेश कुमारी पत्नी प्रमोद कुमार ने अपने निर्दोष पति को छुड़ाने के लिए मानवाधिकार आयोग में दस्तक दी है। उसने बताया कि 26 को शाम करीब 4:00 सकीट थाना पुलिस में तैनात दरोगा अब्दुल्ला और महिला कांस्टेबल खुशबू और तीन अन्य पुलिस कांस्टेबल जयपुर आए और प्राथीर्या उसके निर्दोष पति को बच्चों सहित पूछताछ के लिए उठा ले गई, और पुलिस कांस्टेबल खुशबू ने प्राथीर्या को बिना बात के ही पीटा और प्राथीर्या को मारपीट कर जयपुर में उसके बच्चों के साथ छोड़कर पति प्रमोद को थाना सकीट की कहकर ले गए, जिससे उसके और उसके पति के मानवाधिकारों का भी हनन हुआ है। पता करने पर पता चला है कि उसके निर्दोष पति को थाना सकीट के दरोगा अब्दुल्ला ने थाने में पूछताछ के लिए निर्दोष पति को बैठा रखा है। कह रहे हैं कि तुम्हारा साला लड़की भगा कर ले गया है।

प्राथीर्या और उसके पति का किसी भी घटना में, लड़की भागने में कोई सहयोग नहीं है। हम लोग जयपुर में सिलाई का कार्य करते हैं और जो घटना के मुख्य आरोपियों को दरोगा बचाए हुए हैं।

इस घटना से पूर्व भी प्रार्थियों की इसी केस में छोटी बहन के निर्दोष पति सुनील को भी अब्दुल्ला दरोगा उठा ले गए थे। उन्हें दो दिन तक अवैध रूप से थाने में रखा। थाना क्षेत्र ग्राम लोथरा में हुई लड़की भगाने की घटना की दरोगा जी को पूर्ण जानकारी है। और मुकद्दमा अज्ञात में लिखकर एक एक करके हम लोगों को परेशान किया जा रहा है। दरोगा अब्दुल्ला असली मुलजिमानो को न पकड़कर हम लोगों को परेशान कर रहे हैं। पीड़ित ने दरोगा जी पर आरोप लगाया है कि वह उन्हें परेशान कर रहा है।

हीरेश कुमारी ने अपने निर्दोष पति को छुड़ाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के सामने अपनी बात रखी, लेकिन वह संतुष्ट नहीं हुई, तब उसने उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, जिला अध्यक्ष भाजपा, विधायक सदर एटा के यहां पंजीकृत डाक से शिकायत की है पीड़िता का कहना है कि जो दोषी हो उन्हें पुलिस पकड़े मेरे निर्दोष पति को छोड़ दे और मेरे रिश्तेदारों को परेशान ना करें।

## दक्ष प्रजापति जयंती पर बाइक रैली निकाली

**अलीगढ़।** भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती के अवसर पर प्रजापति समाज के युवाओं ने एक बाइक रैली का आयोजन किया। सोमवार समय 12 :30 बजे मथुरा रोड स्थित श्री जी पेट्रोल पंप से शुरू हुई यह रैली सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। रैली सासनी गेट होते हुए मसानी नगला पहुंची, जहां महाराजा दक्ष प्रजापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में लगभग 70 से 100 युवाओं और समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर दीपक प्रजापति ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति केवल प्रजापति समाज ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक और ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, महाराजा दक्ष प्रजापति को ब्रह्मा जी का मानस पुत्र और पृथ्वी के प्रथम राजाओं में से एक माना जाता है। उनके जीवन से नेतृत्व, संगठन और समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है। मसानी नगला में प्रतिमा स्थल पर युवाओं ने महाराजा दक्ष प्रजापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भी युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने और समाज हित में कार्य करने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला, और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

## मेधावी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

**अलीगढ़।** सामाजिक संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन मेरी संस्कृति, मेरी पहचान द्वारा आगरा रोड स्थित एस.आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ष्मेधावी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताद्द सीजन 1ष् के प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 21,000 रुपए की नगद पुरस्कार राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में जतिन कुमार ने प्रथम, भैरव शर्मा ने द्वितीय, करन तोमर एवं त्विशा वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से तृतीय, हितेश एवं पूर्वा उपाध्याय ने संयुक्त रूप से चतुर्थ, अर्णव एवं भव्या सक्सैना ने संयुक्त रूप से पंचम, पृथ्वी सिंह ने षष्ठ, नमन राज यादव ने सप्तम, तनिष्क पचलौरिया ने अष्टम, शिवांश गुप्ता ने नवम तथा आर्जव जैन ने दशम स्थान प्राप्त किया।

## कांवड़ यात्रा के लिए खाद्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**टीएनएफ ब्यूरो कासगंज।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में आगामी श्रावण माह के दृष्टिगत भक्तजनों, श्रद्धालुओं को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद के समस्त होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट संचालको को निर्देशित किया जाता है कि लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सही स्थान पर प्रदर्शित करें, रेट लिस्ट, मेन्यू आसानी से दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करें। सीसीटीवी कैमरों को रोड के दोनों साइड, फ्रंट, किचिन/काउंटर पर फोकस करते हुए समायोजित करें। ढाबों के सामने प्रकाश,लाइटनिंग की उचित व्यवस्था करें, ढाबों पर शराब, मांस-मछली एवं अण्डा आदि न परोसें, साफ-सफाई, हाइजीन, सेनिटेशन आदि का सेड्यूल के अनुसार पालन करें, भोजन,खाद्य पदार्थ को गुणवत्तायुक्त तैयार करें, फूड हैंडलरस की ट्रेनिंग, जागरूकता मेंडीकल सर्टिफिकेट,एप्रेन,/ग्लब्स,नाखून कटे हुए, बाल कटे हुए,अंगूठी आदि न पहने, एक्सपायर डेट का कोई भी सामान बिक्री न किया जाए, कावडियों एवं शिव भक्तगणों के साथ अच्छा व्यवहार करें, होटल,ढावा,रेस्टोरेन्ट के मालिक अपने प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थों के मूल्यों की सूची आसानी से दृश्य स्थान पर अवश्य लगाए।

# श्रावण मास व कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक, शिविर संचालकों को दिए जरूरी निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ संघों के प्रतिनिधियों और शिविर संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि हाथरस से होकर गुजरने वाले प्रत्येक कांवड़ श्रद्धालु का सम्मान और सेवा हमारी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने शिविर संचालकों से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था करने का आह्वान करते हुए कहा कि हाथरस की अच्छी व्यवस्थाओं की सकारात्मक छवि पूरे प्रदेश में जानी जाए।

डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कांवड़ शिविर मुख्य मार्ग से कम से कम 10 फुट की दूरी पर लगाए जाएं। शिविरों में फायर सेफ्टी, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्राथमिक उपचार और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने और आपत्तिजनक या असुविधाजनक गीतों के प्रसारण से बचने के निर्देश भी दिए।

# सावन मास में साप्ताहिक बाजार बंदी परिवर्तित

- सोमवार के स्थान पर रविवार की रहेगी साप्ताहिक बंदी
- सोमवार को आम दिनों की तरह खुलेंगे बाजार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

डीएम द्वारा लिया गए निर्णय के अनुसार श्रावण मास ने शहर में साप्ताहिक बंदी का दिन परिवर्तित रहेगा, सोमवार के स्थान पर रविवार को बंदी रहेगी। जबकि सोमवार को बाजार विधिवत खुलेंगे। व्यापार मंडल ने व्यापारियों से डीएम के आदेश के पालन का अनुरोध किया है।

श्रावण मास में प्रत्येक रविवार को कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

अतः 02 से 31 अगस्त के मध्य पड़ने वाले रविवार को बाजार पूर्णतः बंद रहेगानिर्णय के अनुसार साप्ताहिक बंदी रविवार 2 अगस्त 9 अगस्त ,16 अगस्त,23 अगस्त ,30 अगस्त

इन सभी रविवार को बाजार बंदी रहेगी अगले दिन सोमवार बाजार सामान्य रूप से खुला रहेगा।

यह विशेष व्यवस्था कावड यात्रा के मद्देनजर 2 से 31 अगस्त 2026 तक पढ़ने वॉले प्रत्येक रविवर को प्रभावी रहेगी। इसके उपरांत पूर्ववत व्यवस्था लागू हो जाएगी, जिसके अनुसार प्रत्येक सोमवार बाजार बंद रहेगा तथा सप्ताह के शेष सभी दिनों में बाजार सामान्य रूप से खुला रहेगा।

व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सतीश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने व्यापारी बंधुओं से सहयोग एवं अनुपालन का अनुरोध किया है।

# सीएचसी अलीगंज में जीरो डोज इम्प्लीमेंटेशन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## टीकाकरण से वंचित हर बच्चे तक पहुंचेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

- जीएवीआई, पीसीआई इंडिया और डब्लूएचओ के सहयोग से आशा, आंगनबाड़ी, आशा संगिनी एवं एएनएम को दिया प्रशिक्षण
- माइक्रोप्लानिंग, डेटा प्रबंधन और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष फोकस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज (एटा)।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अलीगंज में सोमवार से GAVI (द वैक्सीन एलायंस), PCI India एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'जीरो डोज इम्प्लीमेंटेशन' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 27 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान करना है, जिन्हें जन्म के बाद अब तक नियमित टीकाकरण का एक भी टीका नहीं लग पाया है, तथा उन्हें शीघ्र राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़कर पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ सर्वेश कुमार ने की। प्रशिक्षण में क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा संगिनी तथा एएनएम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि 'जीरो डोज' ऐसे बच्चों को कहा जाता है, जिन्हें नियमित टीकाकरण का पहला टीका भी नहीं लग पाया है। ऐसे बच्चे खसरा, पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया और अन्य जानलेवा बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए इन बच्चों की समय रहते पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

प्रशिक्षण में बीपीएम दिव्यांशी भदौरिया, PCI GAVI के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह,भानु प्रताप तथा WHO के फील्ड मॉनिटर अतुल चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, जीरो डोज बच्चों की पहचान, लाभार्थियों का सत्यापन, माइक्रोप्लान तैयार करने, डेटा प्रबंधन, नियमित फॉलो-अप, टीकाकरण सत्रों की मॉनिटरिंग और समयबद्ध रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कई बार पलायन, जागरूकता की कमी, सामाजिक भ्रांतियों, दूरस्थ क्षेत्रों में रहने अथवा अन्य कारणों से कुछ बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों तक पहुंचने के लिए आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर सर्वे करेगी तथा प्रत्येक पात्र बच्चे को टीकाकरण सत्र तक लाने का प्रयास करेगी।

प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि केवल बच्चों की पहचान करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके परिवारों से लगातार संपर्क बनाए रखना, टीकाकरण की निर्धारित तिथि की जानकारी देना, छूटे हुए बच्चों का फॉलो-अप करना और टीकाकरण के बाद रिकॉर्ड को समय से अपडेट करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी फील्ड कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समुदाय में टीकाकरण को लेकर फैली अफवाहों और भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकताओं से कहा गया कि वे अभिभावकों को समझाएं कि नियमित टीकाकरण बच्चों को गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। प्रत्येक गांव, मजरा और बस्ती में जनजागरूकता अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

अधिकारियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रतिभागियों को फील्ड आधारित अभ्यास, केस स्टडी, माइक्रोप्लान तैयार करने, डेटा विश्लेषण और वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने के तरीकों से भी अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जीरो डोज बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़ने का अभियान चलाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने विश्वास जताया कि GAVI, PCI India, WHO तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत आशा, आंगनबाड़ी, आशा संगिनी और एएनएम के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में नियमित टीकाकरण का दायरा और अधिक मजबूत होगा तथा "कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे" के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया जा सकेगा।

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान

एजेंसी, मुंबई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की शुरूआत 15 अगस्त से होगी। टीम की कमान एक बार फिर शुभमन गिल के हाथों में सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

### बुमराह-सुदर्शन का चयन सब्जेक्ट टू फिटनेस

तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके साथ मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उडए) से फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगी।

### किन खिलाड़ियों की हुई टेस्ट टीम में वापसी

भारत ने पिछला टेस्ट अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। उस टीम से तुलना करें तो नीतीश रेड्डी, हर्ष दुबे, वॉशिंगटन सुंदर मौजूदा टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा और बुमराह की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। हालांकि, बुमराह का खेलना अभी तय नहीं है। इसके अलावा सारांश नया चेहरा हैं। जडेजा ने पिछला टेस्ट पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बरसापारा स्टेडियम में खेला था। वह काफी लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल जनवरी में आया था।



### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम

**कप्तानः** शुभमन गिल
**उपकप्तानः** केएल राहुल
यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन*, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह*, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

### सारांश जैन टीम में नया चेहरा

- इस टीम में सबसे चौंकाने वाला चयन सारांश जैन का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।
- घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले इस ऑलराउंडर को पहली बार सीनियर टीम से बुलावा मिला है।
- विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभालेंगे। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को भी जगह मिली है।
- ऑलराउंडर के रूप में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और मानव सुथार टीम का हिस्सा हैं।
- बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसलिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया।

### श्रीलंका दौरे से पहले बीसीसीआई ने लिया बड़ा फैसला

भारत को अगले महीने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करना है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बड़ा फैसला लिया है। टीम के सहायक कोच रेयान टेन डस्काटे और फील्डिंग कोच टी. दिलीप का करार नहीं बढ़ाया गया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की है कि डस्काटे और दिलीप के अनुबंध समाप्त हो गए हैं और इन्हें विस्तार नहीं दिया जा रहा है।

### फील्डिंग कोच की तलाश जारी

बीसीसीआई ने साफ किया है कि इन दोनों में से किसी भी कोच को उनके कार्यकाल में कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। टी दिलीप के हटने के बाद अब भारतीय टीम के लिए नए फील्डिंग कोच की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने जानकारी दी है कि बोर्ड भारतीय पुरुष टीम के लिए एक नया फील्डिंग कोच फाइनल करने के लिए फिलहाल दो या तीन नामों पर विचार कर रहा है और उनसे बातचीत चल रही है।

## किसान के बेटे सर्वेश ने रचा इतिहास, हाई जंप में दिलाया पहला रजत पदक

**ग्लास्गो।** भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सर्वेश कुशारे ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में इतिहास रच दिया। 31 वर्षीय एथलीट ने पुरुष हाई जंप स्पर्धा में 2.25 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। वह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में इस स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। इससे पहले तेजस्विन शंकर ने 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था।
सर्वेश और जमैका के रोमेन बेकफोर्ड दोनों ने 2.25 मीटर की ऊंचाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 2.28 मीटर की ऊंचाई पर दोनों असफल रहे। इसके बाद काउंटबैक नियम के आधार पर फैसला हुआ। बेकफोर्ड ने कम असफल प्रयास किए थे, इसलिए उन्हें स्वर्ण पदक मिला, जबकि सर्वेश को रजत से संतोष करना पड़ा। इंग्लैंड के जैक किमानी ने 2.20 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। भारत के आदर्श राम 2.15 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के नासिक जिले के देवगांव निवासी सर्वेश कुशारे का सफर संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता प्याज की खेती करते हैं। बचपन में सुविधाओं की कमी के कारण उनके पिता और पहले कोच ने मकई के छिलकों, कपास और खेतों के अन्य अवशेषों से अस्थायी लैंडिंग पिट तैयार की, ताकि सर्वेश हाई जंप का अभ्यास कर सकें।

# सोनम और हिमांशु का दमदार प्रदर्शन

## 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में कांस्य पदक अपने नाम किया

एजेंसी, हांगझू।

राइफल निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लों ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता। भारत के अब इस विश्व कप में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं |दक्षिण-एशियाई और प्रवासी सोनम ने 317. 2 और हिमांशु ने 317. 4 स्कोर किया और दोनों का कुल स्कोर 634 .6 रहा। इलावेनिल वालारिवन (316.8) और पार्थ राकेश माने (317.4) 634.2 अंकों के साथ उनसे पीछे रहे।

### क्वालिफिकेशन में किया था दमदार प्रदर्शन

दोनों भारतीयों ने क्वालिफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। सोनम (317.2) और हिमांशु (317.4) ने मिलकर कुल 634.6 अंक का क्वालिफिकेशन स्कोर बनाया। इस बीच, एलावेनिल वालारिवन (316.8) और पार्थ राकेश माने (317.4) की जोड़ी ने उनके ठीक पीछे 634.2 के कुल स्कोर के साथ क्वालिफाई किया। फाइनल में, सोनम और हिमांशु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पक्का किया।

पदक जीतने पर सोनम ने कहा, यह एक मुश्किल मुकाबला था और कुल मिलाकर अनुभव बहुत अच्छा था। पदक जीतना हमेशा जरूरी होता है क्योंकि इससे हमें आगे के कामों के लिए आत्मविश्वास मिलता है। अनुभव किसी भी चीज से ज्यादा मायने रखता है। यह प्रदर्शन हमें इस सीजन में एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए प्रेरित करेगा।

हिमांशु ने कहा, अपने पहले सीनियर विश्व कप फाइनल में मुकाबला करना एक शानदार अनुभव था। मुझे खुद पर भरोसा था, अपने कोच के मार्गदर्शन पर भरोसा था और अपनी ताकत पर भरोसा था। मैंने कई जूनियर फाइनल में हिस्सा लिया है, लेकिन अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप पदक जीतना बेहद खास है।



### भारत के नाम अब तक चार पदक

सोनम ने इससे पहले 2024 में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप और नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल में रजत पदक जीता था। आईएसएसएफ विश्व कप ग्रेनेडा में उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था। 20 साल के हिमांशु के लिए, कांस्य पदक उनका पहला सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप पोडियम है। हिमांशु ने इससे पहले 2025 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मेन जूनियर इवेंट में स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले उन्होंने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीता था। इस कांस्य पदक के साथ आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हांगझोऊ में भारत के कुल 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य) हो गए हैं।



# मनोरंजन



# रवीना के पेट डॉग के साथ खेलती दिखीं दिशा पाटनी



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन सिर्फ अपनी फिल्मों ही नहीं, बल्कि जानवरों के प्रति अपने खास लगाव के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने पालतू जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। एक बार फिर रवीना अपने इसी अंदाज को लेकर चर्चा में हैं।

दरअसल, मुंबई एयरपोर्ट पर जब उनकी मुलाकात अभिनेत्री दिशा पाटनी से हुई, तो वह उनसे अपने पालतू डॉगी को मिलवाती हुई नजर आई। दोनों अभिनेत्रियों का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रवीना टंडन अपने पालतू डॉगी के साथ एयरपोर्ट पर नजर आती हैं। इसी दौरान वहां से गुजर रही दिशा पाटनी से उनकी मुलाकात होती है। रवीना मुस्कुराते हुए अपने डॉगी को दिशा से मिलवाती हैं। दिशा भी डॉगी को प्यार से सहलाती हैं और उसके साथ कुछ पल बिताती हैं। इस दौरान दोनों अभिनेत्रियां आपस में बातचीत करती हुई भी दिखाई देती हैं। एयरपोर्ट लुक की बात करें तो दोनों अभिनेत्रियों ने बेहद सिंपल लुक रखा। रवीना टंडन ब्लैक कलर के को-ऑर्ड सेट में नजर आईं, जिसमें उनका लुक बेहद स्टाइलिश दिखाई दे रहा था।

वहीं दिशा पाटनी ने स्लीवलेस ब्लैक टॉप के साथ मैचिंग ट्राउजर पहना था। बता दें कि रवीना टंडन लंबे समय से पशु प्रेम के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने पालतू जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। कुछ समय पहले रवीना ने अपने प्रशंसकों के साथ एक घटना साझा की थी। उन्होंने एयरपोर्ट पर मिले एक लावारिस पिल्ले को बचाया था, जिसका नाम उन्होंने भैरव रखा। इसके बाद उन्होंने उस पिल्ले के लिए एक सुरक्षित और स्थायी घर भी ढूंढ़ा। इस पूरे रेस्क्यू मिशन की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी। रवीना हमेशा लोगों से एडॉप्ट, डोंट शॉप यानी जानवरों को खरीदने के बजाय उन्हें गोद लेने की अपील करती रही हैं। पिछले साल भी रवीना टंडन ने पालतू जानवरों के साथ यात्रा करने को लेकर अपनी राय खुलकर रखी थी। उन्होंने एयर इंडिया से आग्रह किया था कि वह उन एयरलाइंस से प्रेरणा ले, जो यात्रियों को अपने दो पालतू जानवरों के साथ यात्रा करने की सुविधा देती हैं। उनका कहना था कि पालतू जानवर परिवार का हिस्सा होते हैं और उनके साथ यात्रा करना आसान बनाया जाना चाहिए।

# ‘छत्रपति शिवाजी महाराज’ में हुई भूमि पेडनेकर की एंट्री

साल 2022 में ‘कांतारा’ और 2025 में ‘कांतारा चैप्टर 1' से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेमा ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। ‘द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज’ के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेसे भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की।

### बेलवाडी मल्लम्मा के किरदार में होंगी भूमि

फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है।

बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं।



### इस साल फ्लोर पर जाएगी फिल्म

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेंगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे। फिल्म के इस साल फ्लोर पर जाने की उम्मीद है।

# ‘टॉक्सिक’ को लेकर यश का बड़ा खुलासा, कहा- ‘फिल्म सबका दिमाग हिला देगी’

यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। फिल्म को लेकर यश ने कहा कि यह ‘वाइल्ड’ और ‘बेबाक’ है और इसे देखने के बाद लोग हैरान रह जाएंगे।

### फिल्म सबका दिमाग हिला देगी

यश ने एक इंटरव्यू में बताया कि पहली नजर में 'टॉक्सिक' एक बड़ी एक्शन फिल्म लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरी भावनाएं छुपी हुई हैं।
उन्होंने कहा, “मुझे पता है यह फिल्म सबका दिमाग हिला देगी। यह एक रोलर-कोस्टर राइड जैसी है- बहुत वाइल्ड और बेबाक। लेकिन इसके साथ ही यह काफी गहरी भी है। ऊपर से यह बड़ी और अलग दिखेगी, जो फिल्म की खासियत है। लेकिन अंदर से यह बहुत इमोशनल फिल्म है। जो भी इसे थिएटर में देखने जाएगा, बाहर निकलते वक्त हैरान रह जाएगा और कहेगा- ये आखिर था क्या?”

### मुझे एक्शन बहुत पसंद है

यश ने फिल्म के एक्शन सीन्स के बारे में भी बात की और बताया कि उन्हें एक्शन फिल्में हमेशा से पसंद रही हैं।
उन्होंने कहा, “मुझे एक्शन बहुत पसंद है। मैं खुद एक्शन फिल्मों का फैन हूं और जब भी एक्शन होता है, मेरे अंदर का बच्चा खुश हो जाता है। मैं मॉनिटर पर ऐसे देखता हूं जैसे कोई फिल्म देख रहा हूं। एक्शन कोरियोग्राफर JJ (Perry) ने शानदार काम किया है। 26 तारीख को जब 'टॉक्सिक' रिलीज होगी, तब आप देखेंगे हमने कैसा एक्शन किया है।”




# संवेदना और सक्रियता के मजबूत स्तंभ हैं सपा नेता महेश सिसौदिया

नाम : महेश सिसौदिया
उम्र : 50 वर्ष
राजनीतिक उम्र : करीब 30 वर्ष
निवासी - रामनगर, फतेहाबाद
शैक्षणिक योग्यता : स्नातक
व्यवसाय : कृषि
राजनीतिक दल : समाजवादी पार्टी
विशेष रुचि : समाज सेवा
विशेष उपलब्धि : असहाय गरीब लोगों की सेवा करने से जो सम्मान प्राप्त होता है, वही विशेष उपलब्धि है।

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

समाजसेवी, राजनीतिज्ञ, उद्यमी महेश सिसौदिया का नाम पूरे क्षेत्र के लिए किसी परिचय का मोहताज नहीं है। छात्र जीवन से ही समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी से जुड़ गए। तत्कालीन सपा मुखिया मुलायम सिंह की सीख ने राजनीति के प्रति और उत्साहित कर दिया। उन्होंने सिखाया था कि राजनीति में समाजसेवा सर्वोपरि रखना। दबंगई से राजनीति करना लेकिन गुंडई कभी मत करना। उन्हीं के बताए रास्ते पर चलकर महेश सिसौदिया आज पूरे क्षेत्र के लिए सहृदय, संवेदनशील बनकर जनहित में तल्लीन हैं। सपा में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उनका तो एक ही संकल्प है कि लोगों को उनके गांव में ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराईं जाएं, उनकी समस्याओं का संतोषपूर्ण समाधान कराएं।

### ये रहा राजनीतिक सफर

महेश सिसौदिया वर्ष 1996 में समाजवादी पार्टी

## सियासी सूरमा

छात्र सभा के जिलाध्यक्ष आगरा बने। 1998 में लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष आगरा, वर्ष 2000 में समाजवादी युवजन सभा जिलाध्यक्ष आगरा बने। वर्ष 2005 में पत्नी जिला पंचायत सदस्य बनीं।

### समाजवादी विचारधारा, समाजवादी छात्र राजनीति

महेश सिसौदिया बताते हैं कि जनता इंटर कॉलेज फतेहाबाद से इंटर के बाद स्नातक की पढ़ाई राजा बलवंत सिंह कॉलेज आगरा से हुई। 1997-98 की बात है। तब साथी छात्रों की मार्कशीट में त्रुटियां हुई थी। उस समय आम छात्र की कोई सुनवाई नहीं होती थी तभी कुछ छात्रों और समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं के साथ यूनिवर्सिटी में आंदोलन कर रहे थे, तभी इस दौरान कई छात्रों पर पुलिस ने लाठियां भांजी। कई छात्रों और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे भी हुए थे। उस समय समाजवादी पार्टी के जेल भरो आंदोलन में जेल से लौट कर आ रहे थे, स्पीड कलर लैब संजय पैलेस पर कार्यकर्ताओं पर पुलिस का लाठी चार्ज हुआ था। उससे हमारा राजनीतिक मन और मजबूत हुआ था।

### ये भी निभाई जिम्मेदारी

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी की ओर से फतेहाबाद का प्रभारी

## छात्र जीवन से ही जुड़ गए थे समाजवादी विचारधारा से

रहे। प्रत्याशी के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा का आयोजन कराने का मौका मिला। वर्ष 2022 में विधानसभा प्रत्याशी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (पूर्व मुख्यमंत्री) अखिलेश यादव की जनसभा कराने का दूसरी बार मौका मिला था।

### मुलायम ने कहा था, दबंगई से राजनीति करना, गुंडई मत करना




बकौल महेश सिसौदिया, छात्र राजनीति के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से दिल्ली में अपने

## मुलायम सिंह की सीख ने राजनीति में बनाए रास्ते

साथी छात्रों के साथ मिले थे। मुलायम सिंह यादव ने हाल-चाल पूछने के बाद कहा कि राजनीति में समाज सेवा पहला कर्तव्य है, तुम निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करना और दबंगई से राजनीति करना लेकिन गुंडई कभी मत करना। उसी समय से विचार समाजसेवा में पूरी तरह से मन लग गया। राजनीतिक यात्रा में पारिवारिक और मित्रों का पूरा सहयोग रहता है यह सहयोग और साथ छात्र जीवन से ही रहा है।

### सुखद अनुभूति होती है

रोजाना की दिनचर्या में से समय निकालकर क्षेत्र के लोगों से खुले दिल से मिलना, समस्याओं को सुनकर मदद करने का पूरा प्रयास रहता है। लोगों के साथ हर सुख-दुख में साथ रहना अच्छा लगता है। किसी भी सामाजिक लोगों की समस्या को समाज में बैठकर हल करने का पूरा प्रयास रहता है, इसीलिए लोग पसंद करते हैं।

### ये है संकल्प

महेश सिसौदिया कहते हैं कि अपनी विधानसभा क्षेत्र फतेहाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों को सुदृढ़ बनाना, आर्थिक रूप से मजबूत बनाना, उनकी मूलभूत समस्याओं को गांव में ही समाधान उपलब्ध कराना उनका संकल्प है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, जलभराव की समस्या मुख्य मार्ग ठीक हो, गांव में ही लघु उद्योगों का सृजन हो जिससे युवाओं को काम के लिए बाहर न जाना पड़े।

नोट- सियासी सूरमा कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं सियासी सूरमा, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नंबर 9412359817 पर भेजें।